


01:02:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 031
epaper.rashtriyakhabar.com
माघ, शुक्लपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

अर्थाऽधीताश्च यैर्वेदास्तथा शूद्रान्नभोजिनाः।
ते द्विजाः किं करिष्यन्ति निर्विषा इव पन्नगाः॥

भावार्थ : जो ब्राह्मण धन की प्राप्ति के विचार से वेदों का अध्ययन करते हैं और जो शूद्रों अर्थात, नीच मनुष्यों का अन्न खाते हैं, वे विषहीन सांप के समान कुछ भी करने में असमर्थ होते हैं।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 25.00 °c | 13.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .35 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .29 बजे

## इमरान खान पर सात तक फरवरी आरोप तय होगा

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में इस्लामाबाद की एक सत्र अदालत ने मंगलवार को कहा कि तोशखाना मामले में पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सात फरवरी को आरोप तय किए जाएंगे। पिछले साल सत्ताधारी गठबंधन के सांसदों द्वारा इमरान खान पर यह आरोप लगाते हुए याचिका दायर की गयी थी कि उन्होंने तोशखाना से लिए गये उपहारों और उनकी कथित बिक्री से आय का विवरण साझा नहीं किया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 21 अक्टूबर को यह निष्कर्ष निकाला था कि पूर्व प्रधानमंत्री ने वास्तव में उपहारों के संबंध में झूठे बयान और गलत घोषणाएं की थीं। इस निर्णय का पीटीआई ने व्यापक स्तर पर विरोध किया था।

## भाजपा ने बीआरएस सांसदों पर साधा निशाना

नयी दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बांदी संजय कुमार ने मंगलवार को बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण का बहिष्कार करने पर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसदों की जमकर आलोचना की । श्री कुमार ने राज्य के अन्य सांसदों के साथ यहां संवाददाताओं से कहा कि बीआरएस के लिए यह शर्मनाक रहा कि उसने संसद में एक आदिवासी महिला अध्यक्ष के पहले भाषण का बहिष्कार करने का फैसला किया। उन्होंने एक आदिवासी महिला का अपमान करने के लिए उनसे बिना शर्त माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोई भी समझदार सांसद राष्ट्रपति के भाषण को सुनने के बाद बहिष्कार करने के बारे में नहीं सोचेगा।

## बुर्किना फासो में अलग-अलग हमलों में 28 लोगों की मौत

औगाडौगौ: बुर्किना फासो के कोमो प्रांत में पिछले 48 घंटों में बंदूकधारियों ने दो अलग-अलग हमले किए जिसमें सैनिकों और नागरिकों सहित कम से कम 28 लोगों की मौत हो गयी। कैस्केड क्षेत्र के गवर्नर कर्नल जीन चार्ल्स डिट येनापोनो ने बताया कि कोटे डी आइवर की सीमा पर रविवार की शाम अज्ञात बंदूकधारियों ने प्रांत के लिगुएकोरो गांव में दो मिनी बस को रोक लिया। बसों में सवार कुल 24 यात्रियों में से नौ यात्रियों को मुक्त कर दिया गया और इसके बाद में बस में आग लगा दी तथा अन्य यात्रियों का अपहरण कर लिया । उन्होंने बताया कि 15 लोगों के शव सोमवार को उसी गांव के नजदीक मिले जहां से उनका अपहरण किया गया था। सेना ने मंगलवार को एक अलग बयान में कहा कि सेनो प्रांत के फलांगौतू इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा किए गए आतंकवादी हमले में सोमवार को 10 जेंडरम, सेना के दो सहायक और एक नागरिक सहित 13 लोग मारे गए। अब तक किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## जोशीमठ में तेजी से घट रहा है पानी का रिसाव

**चमोली:** उत्तराखंड में भू-धंसाव प्रभावित जोशीमठ के जेपी परिसर में पानी रिसाव तेजी से घट रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि मंगलवार को जोशीमठ मारवाड़ी के जे पी परिसर में पानी का घटकर 60 एलपीएम मापा गया। शुरुआत में पानी का रिसाव 540 एलपीएम था । आपदा प्रबंधन अधिकारी एन के जोशी ने बताया जोशीमठ में आपदा प्रभावित दरारों वाले भवनों की संख्या में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। अभी तक 863 भवनों में दरारें दृष्टिगत हुई है। इनमें सें 181 भवन असुरक्षित क्षेत्र में स्थित हैं। जोशीमठ नगर क्षेत्र में भू-धंसाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार जोशीमठ में सुरक्षा की दृष्टिगत जिला प्रशासन वर्तमान में 251 परिवारों के 911 सदस्यों को विभिन्न सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से विस्थापित किया गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**अपील** विकसित राष्ट्र के लिए हर क्षण पूरी ताकत से काम करें देशवासी: मुर्मू

# भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य

- दुनिया भारत को अब नये नजरिए से देख रही
- हर देशवासी को देश के लिए काम करना होगा
- दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को दोहराते हुए देशवासियों से इसके लिए हर क्षण अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ काम करने की अपील की और कहा कि विकसित भारत ऐसा हो जिसकी जड़ें अतीत के गौरव के साथ जुड़ी हों और साथ ही उसमें आधुनिकता के सभी संभावित आयाम भी समाहित हों। उन्होंने मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को संभव बनाने और भविष्योन्मुखी दृष्टि के साथ कल के काम को आज पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया है जिससे देश में अनेक सकारात्मक बदलाव आये हैं, लोगों का आत्मविश्वास बढा है और दुनिया में भारत को नये नजरिये से देखा जा रहा है। राष्ट्रपति ने मंगलवार को बजट सत्र के पहले दिन संसद के केन्द्रीय कक्ष में



### राष्ट्रपति अभिभाषण में सौ से अधिक बार मेजें थपथपायीं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को संसद के केन्द्रीय कक्ष में दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को पहली बार संबोधित किया और उनके करीब 67 मिनट के अभिभाषण में सौ से अधिक बार सदस्यों ने मेजें थपथपा कर प्रसन्नता का इजहार किया गया। संसद के केन्द्रीय कक्ष में केवल तीन सीटें खाली थीं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की सीट के बगल में दो सीटें तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में नेता सदन केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बीच वाली सीट ही खाली थी। विपक्ष के कई कद्दावर नेताओं को आगे की पंक्ति में जगह नहीं मिली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार दूसरी पंक्ति में और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारुक अब्दुल्ला चार पांच कतार पीछे बैठे थे। राष्ट्रपति अभिभाषण की एक विशेषता यह भी रही कि गैर हिन्दी भाषी राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने अपना भाषण हिन्दी में पढ़ा जबकि हिन्दी भाषी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अभिभाषण का सारांश अंग्रेजी में पढ़ा। राष्ट्रपति अभिभाषण में सत्तापक्ष के सांसदों ने तकरीबन हर वाक्य पर मेजें थपथपाईं लेकिन कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने केवल प्रारंभ में और आखिर में, दो बार ही मेज थपथपायी। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बगल वाली कुर्सी पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, रेल, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव और जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत बैठे थे। इस दौरान श्री सिंधिया ने श्रीमती गांधी की ओर देखा तक नहीं, लेकिन राष्ट्रपति अभिभाषण समाप्त होने एवं राष्ट्रपति के गमन के बाद उन्होंने श्रीमती गांधी से शिष्टाचार भेंट की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू एवं उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ अभिभाषण समाप्त होने के बाद जाने से पूर्व अगली पंक्ति के आगे सभी सांसदों से हाथ जोड़ कर अभिवादन करते हुए निकले। लेकिन दोनों ने सिर्फ कांग्रेस नेता श्रीमती गांधी से व्यक्तिगत रूप से हालचाल पूछा।

दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को पहली बार संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल का 25 वर्ष का कालखंड विकसित भारत के निर्माण का कालखंड है और प्रत्येक नागरिक को इसके लिए कर्तव्यों की पराकाष्ठा प्रदर्शित करनी होगी। श्रीमती मुर्मू ने भ्रष्टाचार को लोकतंत्र तथा सामाजिक न्याय का शत्रु बताते हुए कहा कि सरकार इससे निरंतर लड़ रही है और प्रत्यक्ष लाभांतरण जैसे कदमों तथा बेनामी संपत्ति

›› पेज 2 भी देखें

### आप ने किया राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार

**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी(आप) ने सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार देते हुए राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करने का फैसला किया है। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा, राष्ट्रपति का अभिभाषण मोदी सरकार के झूठे वादों और झूठे दावों का पुलिंदा होता है। इसमें राष्ट्रपति के अपने एक शब्द नहीं होते हैं। मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, इसलिये आम आदमी पार्टी राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करेगी। उन्होंने कहा, मोदी जी जवाब दो। आपके मित्र अडानी ने देश के करोड़ों लोगों का एलआईसी, एसबीआई में जमा लाखों करोड़ लूट लिया है। कहाँ है आपकी ईडी, सीबीआई, सेबी, आईटी? उसने आपके मित्र पर क्या कार्रवाई की? जवाब दो। आप राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अडानी की लूट पर जवाब मांगेगी।

शेयर बाजार में अडाणी समूह के शेयरों का नुकसान अब भी जारी

## हिंडेनबर्ग ने कहा राष्ट्रवाद के पीछे छिपना बंद करें अडाणी




- अडाणी समूह के स्पष्टीकरण को नकार दिया
- बड़े भाई की शेल कंपनियों का सवाल कायम
- लोकतांत्रिक देश की जनता को लूट रहा है

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** अमेरिका की शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडेनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में भूधंसान जैसी हालत हो गयी है। शेयर बाजार में इसी वजह से कोहराम मचा हुआ है। पिछले बुधवार को आयी इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अडानी ग्रुप दशकों से खुल्लम-खुल्ला शेयरों में गड़बड़ी और अकाउंट धोखाधड़ी में शामिल रहा है। इससे बुधवार और शुक्रवार को अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई। आज ग्रुप के शेयरों में मिलाजुला रुख देखने को मिल रहा है। हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर अडानी ग्रुप ने 413 पेज का जवाब भेजा था। इस पर अमेरिकी कंपनी का और कड़ा जबाव आया। उसका कहना है कि राष्ट्रवाद को चोला ओढ़कर धोखाधड़ी से नहीं बचा जा सकता। अडानी ग्रुप ने असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की है। आरोपों का जवाब देने के बजाय अडानी ग्रुप राष्ट्रवाद का सहारा ले रहा है। हिंडेनबर्ग रिसर्च ने कहा, ह्यहम मानते हैं कि भारत एक वाइब्रेंट डेमोक्रेसी है और एक सुपरपावर के तौर पर उबर रहा है। हम साथ ही यह भी मानते हैं कि अडानी ग्रुप भारत के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। यह ग्रुप राष्ट्रवाद की आड़ में देश को लूट रहा है।

›› पेज 2 भी देखें

कर्नाटक की राजनीति के मजबूत स्तंभ व लिंगायत समुदाय के नेता हैं

## येदियुरप्पा ने की चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा



- उम्र होने का हवाला देकर की ऐसी घोषणा
- कहा भाजपा की जीत के लिए काम करूंगा
- नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी निष्ठा का एलान किया

राष्ट्रीय खबर

**बेलगावी:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। श्री येदियुरप्पा ने कहा कि वह केंद्रीय राजनीति में रहने के इच्छुक भी नहीं हैं, लेकिन राज्य में भाजपा की सत्ता वापसी चाहते हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं और वह केन्द्रीय राजनीति में रहने के इच्छुक भी नहीं हैं, पर राजनीति में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके चुनाव नहीं लड़ने का मतलब यह नहीं है कि वह राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, वह राज्य में भाजपा को सत्ता में वापस लाने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। गौरतलब है कि श्री येदियुरप्पा एक शक्तिशाली लिंगायत नेता हैं। श्री येदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, मैं अब 80 साल का हो गया हूं, इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं राजनीति से संन्यास ले रहा हूं। मैं राज्य भर में यात्रा करूंगा और भाजपा को सत्ता में वापस लाने के लिए भरसक प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत सुनिश्चित करना भी है। पिछले साल 22 जुलाई को श्री येदियुरप्पा नेता ने चुनावी राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया था, जब उन्होंने कहा था कि वह राज्य में अगले विधानसभा चुनाव में शिकारीपुरा विधानसभा सीट अपने छोटे पुत्र बी वाई विजयेंद्र के लिए छोड़ देंगे। श्री विजयेंद्र को येदियुरप्पा के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। श्री येदियुरप्पा ने 26 जुलाई 2021 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे

›› पेज 2 भी देखें

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण की जानकारी दी


राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि देश में श्रम बाजार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सुधर कर कोविड के पूर्व के स्तर से ऊपर आ चुके हैं और बेरोजगारी दर वर्ष 2018-19 में 5.8 प्रतिशत से गिरकर वर्ष 2020-21 में 4.2 प्रतिशत पर आ गयी है। श्रीमती सीतारमण ने मंगलवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2022-23 में कहा कि सर्वाधिक श्रम बल सर्वेक्षण में सामान्य स्थिति के अनुसार श्रम बल सहभागिता दर, श्रमिक जनसंख्या अनुपात और बेरोजगारी दर में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं और पुरूषों दोनों में सुधार आया है। वर्ष 2018-19 के 55.6 प्रतिशत की तुलना में पुरूषों के लिए श्रम बल सहभागिता दर वर्ष 2020-21 में 57.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वर्ष 2018-19 के 18.6 प्रतिशत की तुलना में महिलाओं के लिए श्रम बल सहभागिता दर वर्ष 2020-21 में 25.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वर्ष 2018-19 के 19.7 प्रतिशत से वर्ष 2020-

›› पेज 2 भी देखें

## लोगों के विरोध के कारण पेरु में चीनी खदान बंद



**लीमा:** पेरू में कार्यरत चीनी कंपनी को अपना खनन बंद करना पड़ा है। चीन की कंपनी एमएमजी लिमिटेड ने कहा है कि पिछले दो महीने से वहां जारी राजनीतिक अस्थिरता की वजह से देश के सबसे बड़े तांबा खदान को बुधवार से पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। वैसे भी पेरू में पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कास्टिलो पर महाभियोग चलाने के बाद उन्हें पद से हटाये जाने के बाद देश की हालत डांवाडोल चल रही है। चीन की इस कंपनी का मुख्यालय हॉगकॉग में है। कंपनी की तरफ से अब घोषणा की गयी है कि खनन कार्य जारी रखने लायक माहौल नहीं होने की वजह से अब खदान को स्थायी तौर पर बंद करने का निर्णय लेना पड़ा है।

## यूक्रेन ने अब लंबी दूरी के मिसाइलों की मांग की

### जर्मनी ने कहा कि फालतू की मांग कर रहे हैं जेलेंस्की

राष्ट्रीय खबर



**बर्लिन:** यूक्रेन की मांगों से अब जर्मनी नाराज हो गया है। यूक्रेन को लेपर्ड टैंक देने पर सहमत होने के तुरंत बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मददगारों से युद्धक विमान और लंबी दूरी के मिसाइलों की मांग कर दी है। इसी बात पर जर्मनी के चांसलर ओल्फ शलत्ज ने कहा है कि अब यूक्रेन फालूत की मांग करने लगा है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह यूक्रेन के हथियारों की सारी सूची का समर्थन नहीं कर सकते हैं। इससे साफ है कि जर्मनी अपने लेपर्ड टैंक के अलावा फिलहाल यूक्रेन को कोई और हथियार नहीं देने जा रहा है। युद्ध प्रारंभ होने के बाद से ही नाटो, अमेरिका तथा कई अन्य देश यूक्रेन को हथियार उपलब्ध करा रहे हैं। इन देशों से यूक्रेन को टैंक, बख्तरबंद गाड़ी, छोटी दूरी के मिसाइल और अत्याधुनिक तोपखाना भी मिले हैं। अब अत्याधुनिक युद्धक विमान और पानी के अंदर से वार करने वाले यूबोट की

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** फिनलैंड के विश्वविद्यालय में रोबोटिक्स का नया प्रयोग सफल हुआ

## इस रोबोट का काम काज जानकर हैरान हो जाएंगे आप

- हवा से ऊर्जा प्राप्त करता है यह
- लंबी दूरी तक उड़ने लायक रहता है
- कई कार्यों में इसका बेहतर इस्तेमाल

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** यह अपने किस्म का ऐसा रोबोट है जो किसी काल्पनिक परिकथा का एहसास करा देता है। फिनलैंड के टैमपेरे विश्वविद्यालय के शोध दल ने इसे तैयार किया है। इसकी खासियत यह है कि यह एक साफ्ट रोबोट है, जो हवा से ऊर्जा प्राप्त कर उड़ता है तथा अपने उड़ने से मिली ऊर्जा से रोशनी प्रदान करता है। इस प्रयोग के सफल होने के बाद भी समझा जा रहा है कि इस किस्म का साफ्ट रोबोट आने वाले दिनों में औद्योगिक और सैनिक कार्रवाइयों में अधिक कारगर सिद्ध होगा। वरना इससे पहले ऐसे रोबोट बन चुके हैं जो ऊंची छलांग लगा सकते हैं, पानी में किसी मछली की तरह तैर सकते हैं और किसी भी सतह पर आपस में मिलकर बड़ा काम भी कर लेते हैं। हाल ही में ऐसा साफ्ट रोबोट भी तैयार हुआ है जो जरूरत पड़ने पर पिघल जाता है और काम होने के बाद फिर से ठोस अवस्था में आ जाता है।

टैमपेरे विश्वविद्यालय के जिस शोध दल ने यह काम किया है, उसे लाइट रोबोट्स ग्रूप का नाम दिया गया है। वे काफी समय से उड़ने वाले रोबोट के लिए परीक्षण करते आ रहे हैं। पहले भी इस दल को रोबोट को उड़ाने में सफलता मिली है। अब इसी क्रम में एक नयी तकनीक से नया रोबोट बनाया गया है। इस शोध दल के नेता हाओ झेंग हैं तथा उनके साथ जियानफेंग यांग ने यह काम किया है। इस नये रोबोट के प्रोजेक्ट का नाम फेयरी रखा गया था। वैसे अंग्रेजी में इस फेयरी का अर्थ परी से संबंधित होने के बाद भी इस प्रोजेक्ट को दरअसल फ्लाइंग एयरो रोबोट्स बेस्ड ऑन लाइट रेसपॉसिव मैटेरियल असेंबली का नाम मिला है। इस नई तकनीक के क्रम में एक ऐसा नया पॉलिमर विकसित किया गया जो रोबोट को उड़ने की ताकत हवा से प्रदान करता है। इसे नियंत्रित करने के लिए रोशनी का इस्तेमाल किया जाता है।

## ईरान के सैन्य ठिकानों में इजरायल ने किया था हमला

राष्ट्रीय खबर

**तेहरान:** ईरान के सैन्य ठिकाने पर हाल ही में हुए ड्रोन हमले के बारे में चर्चा होने लगी है कि यह हमला इजरायल के द्वारा किया गया था। यह हमला ईरान के एक सैन्य संयंत्र पर किया गया था। मध्य ईरान के शहर इशफाहान के इस ठिकाने पर हुए हमले से ईरान की वायु सुरक्षा पंक्ति में सेंधमारी का पता चल गया है। ईरान सरकार की तरफ से यह कहा गया है कि ड्रोन हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ है। दूसरी तरफ अब अंदरखाने से यह खबर आ रही है



कि इस हमले के पीछे इजरायल का हाथ है। एक प्रसिद्ध अमेरिकी अखबार ने वरीय गुप्तचर अधिकारी के हवाले से कहा है कि इसमें इजरायल की ही भूमिका रही है। अमेरिकी सेना ने औपचारिक तौर पर सिर्फ यह बयान जारी किया है कि इस हमले से उसका कोई लेना देना नहीं है। ईरान और इजरायल दोनों के सैनिक प्रवक्ता इस बारे में कोई बयान देने से कतरा रहे हैं। इस ड्रोन हमले के बारे में सिर्फ यह पता चला है कि उस ठिकाने पर एक जोरदार विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट से भवनों को नुकसान पहुंचा है लेकिन किसी की जान नहीं गयी है। ईरान के मुताबिक यह बहुत छोटे आकार का ड्रोन था। इसलिए वह अपने साथ ज्यादा विस्फोटक भी नहीं ला सकता था। पता चला है कि वहां एक से अधिक ड्रोनों का हमला हुआ था। इनमें से सिर्फ एक ही ठिकाने तक पहुंचकर

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## तेजी से हो रहा सड़क ओवरब्रिजों का निर्माण

रांची: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को जमशेदपुर वासियों को जुगसलाई ओवरब्रिज की सौगात दी। इस ओवरब्रिज का विधिवत उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में सड़कों और पूलों का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। नई सड़कों के निर्माण के साथ सड़कों का मजबूतीकरण और चौड़ीकरण हो रहा है। आने वाले दिनों में यातायात व्यवस्था को लेकर कई नए निर्माण देखने को मिलेंगे। हमारा प्रयास लोगों को आवागमन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमशेदपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक होने के कारण रेलवे फाटक बार-बार बंद करने की नौबत आती थी। इससे यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी और दुर्घटनाओं का भी खतरा बना रहता था। लेकिन, जुगसलाई ओवरब्रिज के शुरू होने से जाम की समस्या से निजात मिल मिल रही है। इससे इस मार्ग से आने जाने वालों के लिए सहूलियत और समय की भी बचत होगी।

शुभारंभ — मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर-कोलकाता विमान सेवा किया शुभारंभ

# एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने का चल रहा प्रयास: मुख्यमंत्री

- हर दिन संचालित होगी विमान सेवा
- केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय करे सहयोग
- जमशेदपुर-भुवनेश्वर विमान सेवा बहुत जल्द

राष्ट्रीय खबर



रांची : राज्य में यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुगम बनाने की दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। रोड, रेल, वाटर और एयर कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं और सहूलियत उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को जमशेदपुर में सोनारी हवाई अड्डा से जमशेदपुर- कोलकाता विमान सेवा के शुभारंभ के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि यहां से विमान सेवा का शुरू होना हवाई यातायात के क्षेत्र में नई पहल है। उम्मीद करता हूं कि जमशेदपुर से अन्य शहरों के लिए जल्द से जल्द हवाई सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में राज्य सरकार के हवाई अड्डों की संख्या काफी बेहतर है। यहां फिलहाल 5-6 हवाई अड्डे हैं। साहिबगंज में भी नया एयरपोर्ट प्रस्तावित है। सभी हवाई अड्डों के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एयर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए सरकार सभी जिलों को हवाई सेवा से जोड़ने हेतु कार्य योजना तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में जैसे विदेशों में आम लोगों के लिए एयर कनेक्टिविटी होती है यहां भी सुगमता के साथ उपलब्ध कराई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर विकास विभाग राज्य में एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

यहां कॉमर्शियल पायलट ट्रेनिंग सेंटर खोला गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से कहा कि इस पायलट ट्रेनिंग सेंटर के लाइसेंस और सुरक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी की जाए, ताकि इस दिशा में हम और भी बेहतर कर सकें। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में जन- जन तक हवाई सेवा को पहुंचाने का जो हमारा संकल्प है, उसकी एक झलक जमशेदपुर से कोलकाता के लिए विमान सेवा शुरू होने के रूप में देख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उड़ान सेवा के तहत एयर कनेक्टिविटी को तेज गति के साथ विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशक के दौरान यहां दुनिया भर में कई विमान कंपनियां बंद हो गई वहीं भारत में तीन नए एयरलाइंस का आना एक बेहतर संकेत दे रहा है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर से कोलकाता और भुवनेश्वर को हवाई सेवा से जोड़ने की पहल की जा रही है।

इंडिया-वन एयर के 9 सेंटर ग्रैंड कारवां एक्स विमान द्वारा जमशेदपुर से कोलकाता एवं कोलकाता से जमशेदपुर के लिए विमान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना से इंडिया-वन एयर झारखंड , पश्चिम बंगाल और ओडिशा में अपनी कनेक्टिविटी का विस्तार कर रही है। इस सेवा को 1 फरवरी 2023 से दैनिक रूप से परिचालित किया जा रहा है। यह विमान अपने यात्रियों को 10.15 बजे सुबह जमशेदपुर से लेकर 11.20 बजे कोलकाता पहुंचाएगी, वहीं इसकी वापसी 12।10 में कोलकाता से चलकर 1।20 बजे जमशेदपुर होगी। इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से केंद्रीय नगर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं केंद्रीय मंत्री के वी के सिंह, सोनारी हवाई अड्डा जमशेदपुर में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक घाटशिला राम दास सोरेन, विधायक पोटका संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सोनारी हवाई अड्डा में टाटा स्टील के प्रतिनिधि चाणक्य चौधरी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल के सुझाव पर प्रश्नचिन्ह लगाना गलत : कैलाश यादव

रांची: अखिल भारतीय भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका मंच की बैठक मंगलवार को कैलाश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चर्चा के दौरान वक्ताओं ने राज्य के महामहिम राज्यपाल द्वारा 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को स्वीकृति प्रदान नही करने एवं सरकार को वापस करने के निर्णय का राज्यहित में उचित व स्वागत योग्य कदम बताया गया। लोगो ने कहा की 15 नवंबर 2000 से बिहार से अलग राज्य बने झारखण्ड की बुनियाद सदैव विवादास्पद रहा है, राज्य में कई सरकार का गठन हुआ लेकिन तमाम सरकारें की विकासशील नीति कोई ठोस नही रही। राज्य में 23 वर्षो के दरम्यान स्थानीय नियोजन नीति का स्थायित्व नही होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वक्तओं ने कहा की झारखंड एकीकृत बिहार से अलग होकर नया राज्य बना है, यहां अन्य जगहों के वर्षो बरस से बहुसंख्यक आबादी निवास करते हैं। लाखो लोग केंद्र सरकार और राज्य सरकार की संस्थानों में नौकरी पेशा करते रहे है, राज्यभर में छोटे बड़े बिजनेस, व्यापार में पूंजी निवेश कर रोजगार का काम कर रहे हैं, तमाम लोगो के बच्चों का जन्म और शिक्षा दीक्षा झारखंड से रहा है । उसके बावजूद सरकार 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लाकर लोगो में भेद भाव पैदा कर बैमनसव एवं भ्रांतियां फैला रही है। मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि देश प्रदेश संविधान और कानून व्यवस्था से चलता है, भारतीय संविधान लोगो को इजाजत देता है कि देश के किसी प्रदेश में भारतीय निवास कर सकते हैं नौकरी पेशा रोजी रोजगार शिक्षा दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### भारत को वर्ष 2047 तक ...

जब्त करने जैसे कानूनों से इस दिशा में प्रगति हुई है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने तथा तीन तलाक पर रोक जैसे निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार साहसिक फैसले ले रही है , दूरदराज के इलाकों के विकास , आदिवासी और पिछड़ी आबादी के कल्याण के कार्यक्रमों से लोगों की आकांक्षाएं बढी हैं। सरकार के सख्त रुख और विकास की नीतियों से वामपंथी उग्रवाद का भौगोलिक दायरा भी सिमट गया है। भारत ने आतंकवाद को लेकर कड़ा रूख अपनाया है और आज दुनिया भी इसे समझ रही है। भारत की आवाज को विश्व मंच पर गंभीरता से सुना जा रहा है। उन्होंने कहा यह भारत के वैश्विक रिश्तों का बेहतरीन युग है। भारत को लेकर आज जो सद्भाव है उसका लाभ हमें अफगानिस्तान और यूक्रेन में पैदा हुए संकट के दौरान मिला और हम अपने नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालने में सफल रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में महिलाओं की संख्या पहली बार पुरूषों से अधिक पहुंच गयी है और महिलाएं हर मोर्चे पर बढ चढ कर देश को आगे बढाने में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं।

**महीने में एक मेडिकल कॉलेज और हर दिन दो कॉलेजों की स्थापना**

नयी दिल्ली : देश में मेडिकल और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीते आठ-नौ वर्षों से लगभग हर महीने एक मेडिकल कॉलेज बना है और इस दौरान देश में हर दिन दो कॉलेजों और हर सप्ताह एक विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है। उन्होंने सामाजिक बुनियादी सुविधाओं की चर्चा करते हुये कहा कि साल 2004 से 2014 के बीच देश में जहां 145 मेडिकल कॉलेज खुले थे, वहीं मोदी सरकार के कार्यकाल अब तक 260 से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैं। वर्ष 2014 से पहले जहां देश में कुल लगभग 725 विश्वविद्यालय थे, वहीं बीते केवल आठ वर्षों में 300 से अधिक नए विश्वविद्यालय बने हैं। इसी दौरान देश में पांच हजार से अधिक कॉलेज भी खोले गए हैं।

### हिंडेनबर्ग ने कहा राष्ट्रवाद के .. ..

हमारा मानना है कि फ्रॉड चाहे जो भी करे वह फ्रॉड होता है। आप इसे देश पर हमला बताकर बच नहीं सकते हैं। अमेरिकी फर्म ने कहा कि उसके अडानी ग्रुप से 88 सवाल पूछे थे जिसमें से उसने 62 सवालों के जवाब नहीं दिए। इनमें से कई सवाल लेन देन के तौर तरीकों और हितों के टकराव के बारे में पूछे गए थे। लेकिन अडानी ग्रुप ने इनका कोई जवाब नहीं दिया। उसने जो जवाब दिया है उसमें काफी हद तक हमारी रिपोर्ट की पुष्टि की है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि उसकी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अडानी ग्रुप ने गौतम अडानी के बड़े भाई विनोद अडानी और उनकी विदेशी शेल कंपनियों के साथ अरबों डॉलर की डीलिंग की है। विनोद अडानी की विदेश में 38 कंपनियां हैं। उनकी मॉरीशस के अलावा यूएई, साइप्रस, सिंगापुर और कई कैरेबियाई देशों में कंपनियां हैं। इनसे अडानी ग्रुप के शेयरों और अकाउंटिंग पर सवाल उठते हैं। इसके जवाब में अडानी ग्रुप ने कहा कि विनोद अडानी उसकी किसी भी कंपनी से नहीं जुड़े हैं और इन ट्रांजैक्शंस में कोई गड़बड़ी नहीं है। इस रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई है।

### येदियुरप्पा ने की चुनावी .. ..

दिया था। भाजपा के कद्दावर नेता श्री येदियुरप्पा ने कहा, मुझे केंद्रीय राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी ने भी मुझे केंद्र में आमंत्रित किया था, लेकिन मैंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। पार्टी ने मुझे हर संभव सम्मान दिया है और मैं पार्टी हित में काम करने का प्रयास करता रहूंगा। पार्टी में कई प्रमुख उम्मीदवारों के कारण टिकट वितरण को लेकर भाजपा की खराब हालत पर श्री येदियुरप्पा ने कहा कि केवल जीतने योग्य उम्मीदवार ही चुनाव में उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि दो दौर के सर्वेक्षण के बाद टिकट बांटे जाएंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा 140 सीटें जीतेगी।

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने सरकार .. ..

21 के 27.7 प्रतिशत की तुलना में ग्रामीण महिला श्रम बल सहभागिता दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। समीक्षा के अनुसार रोजगार में व्यापक स्थिति के अनुसार, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वरोजगार वाले लोगों का हिस्सा बढ़ा और नियमित मजदूरी और वेतनभोगी श्रमिकों के हिस्से में गिरावट आयी। कृषि से जुड़े श्रमिकों का हिस्सा बढ़कर वर्ष 2020-21 में 46.5 प्रतिशत पर पहुंच गया है। विनिर्माण का हिस्सा 11.2 प्रतिशत की तुलना में गिरकर 10.9 प्रतिशत पर आ गया। निर्माण का हिस्सा 11.6 प्रतिशत से बढ़कर 12.1 प्रतिशत हो गया तथा व्यापार, होटल और रेस्तरां का हिस्सा 13.2 प्रतिशत से गिरकर 12.2 प्रतिशत हो गया।

### यूक्रेन ने अब लंबी दूरी के .. ..

मांग ने सभी को हैरान कर दिया है। जर्मनी ने साफ साफ कहा है कि लंबी दूरी के मिसाइल देकर वह युद्ध को और अधिक भड़काना नहीं चाहता। शलत्ज ने कहा कि लंबी दूरी के मिसाइलों का इस्तेमाल यानी रूस की सीमा के अंदर हमला करना है। ऐसा होने पर रूस की क्या प्रतिक्रिया होगी, इसे आसानी से समझा जा सकता है। वह यूक्रेन को बचाव के लिए पर्याप्त मदद कर रहे हैं लेकिन रूस के भीतर घुसकर हमला करने की सोच का वह समर्थन नहीं करेंगे। जेलेंस्की के एक वीडियो संदेश के बाद जर्मनी के चांसलर ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दूसरी तरफ रूस ने साफ कहा है कि इन पश्चिमी देशों के हथियार भी रूस को नहीं डिगा पायेंगे। इससे यूक्रेन की आम जनता की परेशानियां बढ़ेंगी।

### ईरान के सैन्य ठिकानों में .. ..

विस्फोट कर पाया। शेष दो ड्रोनों को वहां के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिया था। जिस सैन्य ठिकाने पर यह हमला हुआ है, उसकी छत को थोड़ा नुकसान पहुंचा है। यह सैन्य कारखाना तेहरान से 440 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। हाल के वर्षों में ईरान के सैन्य ठिकानों पर विस्फोट और संदिग्ध आगजनी की कई घटनाएं हुई हैं। जुलाई 2020 में ईरान के परमाणु कॉम्प्लेक्स में भी रहस्यमय तरीके से आग लग गयी थी। इसके बाद एक बार ईरान के इसी कॉम्प्लेक्स में बिजली गुल हो गयी थी। जिसके बारे में ईरान की सरकार ने आतंकवादी कार्रवाई करार दिया था। वर्ष 2019 में भी ईरान के एक तेल टैंकर पर दो मिसाइल गिरे थे।

## ममता के पति बजरंग हो सकते हैं कांग्रेस प्रत्याशी

राष्ट्रीय खबर



रांची: रामगढ़ उपचुनाव में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि सात फरवरी है। इस सीट पर सीधा और प्रमुख मुकाबला कांग्रेस और आजसू के बीच है। कांग्रेस को झामुमो, राजद और आजसू को इस बार भाजपा का समर्थन मिलेगा। दोनों पार्टियों ने अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, रामगढ़ उपुचनाव में पार्टी पूर्व विधायक रही ममता देवी के पति बजरंग महतो को प्रत्याशी बना सकती है। प्रत्याशी चयन को लेकर नई दिल्ली में मंगलवार या बुधवार को बैठक होगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता (सीएलपी) आलमगीर आलम मौजूद रहेंगे। शीर्ष नेतृत्व को फैसले से अवगत कराया जाएगा। फिर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव कमेटी के इंचार्ज सह महासचिव मुकूल वासनिक प्रत्याशी के नाम की घोषणा करेंगे।

# लापरवाही बरतनेवाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : सीएम

- भू राजस्व न्यायालय लगाने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर



रांची: अधिकारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कार्यों, जिम्मेदारियों एवं दायित्वों को निभाएं। योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें और उसका समाधान करें। इसमें जो अधिकारी लापरवाही तथा ढिलाई बरतेंगे, उनके खिलाफ सरकार कठोर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी जिला स्तर पर समीक्षा हो रही है। बहुत जल्द और आक्रमक तरीके से योजनाओं की जमीनी हकीकत को जानने के लिए आएंगे। अधिकारी पूरी तरह तैयार रहें । मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य गठन के बाद पिछले 20 वर्षों में हमने सिर्फ 'खेल' खेला है। गोल नहीं कर पाए हैं । इन वर्षों में राज्य में 24 घंटे बिजली -पानी की सुविधा, सिंचाई की समुचित व्यवस्था, रूरल कनेक्टिविटी, सड़कों की बेहतर व्यवस्था हो जानी चाहिए थी। इससे झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाया जा सकता था। लेकिन, चिंता की बात है कि हकीकत में हम कहीं नहीं है । अब हमारे पास उतना वक़्त नहीं है । अधिकारियों को तेज गति से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं पर हर साल बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती है। लेकिन, चिंता इस बात की है कि योजनाओं पर लाखों- करोड़ों रुपए निवेश होने के बाद भी उसका कोई डेटाबेस नहीं है। योजनाओं की क्या हकीकत है, इसकी भी सही से जानकारी नहीं मिल पाती है । ऐसे में हम कैसे आगे बढ़ेंगे। अधिकारी इसे गंभीरता से लें, ताकि योजनाओं पर निवेश का सकारात्मक परिणाम मिल सके।

## भाजपा को सूबे की जनता उखाड़ फेंकेगी: झामुमो

राष्ट्रीय खबर



रांची: जन भावना के अनुरूप झारखंड विधान सभा से पारित स्थानीयता विधेयक (1932का खतियान आधारित स्थानीय नीति) को राज्यपाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर राज्य सरकार को वापस कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी आम जनों की सरकार के द्वारा विधान सभा से पारित स्थानीयता विधेयक को राज्यपाल पर दबाव बना कर झारखंडी हितों की अनदेखी कर यहां के मूलवासियों-आदिवासियों के अस्तित्व को मिटा देना चाहती है। राज्यवासियों के जन भावना के विपरीत भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर राज्यपाल महोदय द्वारा स्थानीयता विधेयक को राज्य सरकार को वापस किये जाने के विरोध में झामुमो रांची जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष मुशताक आलम के नेतृत्व में मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया गया। नेताओं ने कहा कि भाजपा की कुकृत्य को जनता देख रही है। झारखंड की जनता ही झारखंड से उखाड़ फेकेगी। जिला सचिव हेमलाल मेहता, केंद्रीय सदस्य समनुर मंसूरी, पवन जेडिया, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद, बीरू साहू,आदिल इमाम,लालजय नाथ शहदेव, अंतू तिर्की, कुदुस अन्सारी, जुल्फीखार खान,सुजीत कुजुर,सुजीत उपाध्याय नवीन तिर्की,मुन्ना लोहरा,संजय राय,अरुण वर्मा,शिवनंदन मिश्रा, जितेन्द्र गुप्ता,मुन्ना यादव,विक्रम सिंह, सुनील साहू, संदीप मंडल,आफताब आलम, वसीम खान, रीना तिर्की, शान्ति तिर्की, राधा हेमरोम, राधा बाउरी, अब्दुल्लाह हबीब, परवेज आलम गुड्डू, बेलाल अंसारी, असलम अंसारी, सैय्यद फिरोज आलम, प्रदीप किस्पोट्टा, बबलू मिंज कमरुल हक, जावेद अख्तर अन्सारी, जाबिर अंसारी, सुभान राय, वसीम अंसारी, अमन कुमार साहू, सचिन उराव, बुतरू उराव, पहना तिर्की,नरेश यादव, मोहम्मद परवेज,मोहम्मद नौशाद,मोहम्मद अरशद,कयूम अहमद,पवन कुमार,सुरेंद्र ,शाहनवाज, मोनु खान, किरण भौरा,हनीफ अंसारी, सज्जाद अंसारी, बिनोद मुंडा,रंथु उरांव, हुसैन अंसारी, वसीम खान,सुहैल खान,नीरज वर्मा,ओम शर्मा, लक्ष्मण राम,मुस्लिम अंसारी, नाजिम ,जावेद अंसारी,रवि चंद्र पाहन, सागर मुंडा,मोहन उराईं, मोहन साहू,नसीम अंसारी,सबीबुल रहमान,सज्जाद अंसारी,मो चांद, कलीम खान,सुषमा,राधा बौरी,शांति तिर्की, जोसपा जोजो,रमेश साहू,एजाज शाह,गोपाल पांडे, मो रमजान,लीना वर्मा,राधा हेंब्रम,कुदुस अंसारी,अवधेश यादव, सुरज सिंह, हीरालाल, पंकज कुमार, रिंकु, विनोद तिर्की, नरेश यादव, मोजाहिद हुसैन, अजित कुमार, आफताब अंसारी, युनुस खान, सुहैल खान अजीजुल अन्सारी आदि शामिल थे।

## प्रदीप यादव को एमपी एमएलए कोर्ट ने एक मामले में किया बरी

राष्ट्रीय खबर

रांची : पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को दुमका के एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने एक मामले में बरी कर दिया। मामला 2017 का पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र का था। मंगलवार को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में विधायक प्रदीप यादव को बरी किया है। इधर प्रदीप यादव ने कहा है कि स्थानीयता नीति वाली फाइल राज्यपाल के द्वारा लौटाया जाना राज्य हित में नहीं है।

पोड़ैयाहाट थाना में 16 अप्रैल 2017 को स्थानीय विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने एक मामला दर्ज कराया था। दरअसल, प्रदीप यादव अडानी पावर प्लांट के स्थापित नहीं होने को लेकर 400 से लेकर 500 लोगों के साथ सत्याग्रह पर बैठे थे। अंचलाधिकारी ने अपने आवेदन में लिखा था कि प्रदीप यादव लोगों के सामने भड़काऊ भाषण दे रहे थे और सरकारी कामकाज में भी उन्होंने बाधा डाली है।

पोड़ैयाहाट थाना में केस संख्या 53/2017 में धारा 224, 353, 120 बी, 505, और 34 के तहत यह मामला दर्ज हुआ था। बाद में यह केस साल 2021 में दुमका के एमपी एमएलए कोर्ट में रेफर कर दिया गया। 31 जनवरी 2023 को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश जितेंद्र राम ने साक्ष्य के अभाव में प्रदीप यादव को बरी कर दिया।

प्रदीप यादव ने कहा कि यह न्याय की जीत है और मुझे कोर्ट पर पूरा विश्वास था। उन्होंने कहा कि तात्कालीन सरकार ने मुझपर यह झूठा मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें सच्चाई की जीत हुई।

राजनीति — 1932 के खतियान पर सूबे में राजनीति बयानबाजी तेज

# यूपीए के कार्यकाल में क्यों नहीं उठाया मुद्दा : बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर



रांची: 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति पर सियासी सरगर्मी जारी है। अब भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने इसे लेकर सीएम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा किया। मंगलवार को उन्होंने कहा कि भाजपा ने 1932 का कभी विरोध नहीं किया। पर हेमंत सरकार आज दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रही है। हेमंत सोरेन ने अर्जुन मुंडा की सरकार 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर ही समर्थन वापस लेकर गिराई थी। तब वे राज्य के उपमुख्यमंत्री थे। हेमंत सोरेन को जवाब देना होगा कि आखिर 18 महीने तक वे पहली बार राज्य के सीएम रहे फिर भी स्थानीय नीति और नियोजन नीति क्यों नहीं बनाई। यूपीए का देश और राज्य, दोनों में शासन था। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे फिर उन्हें 9वीं अनुसूची की बात तब क्यों याद नहीं आई। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं।

भाजपा राजनीति की ऐसी दुकान नहीं चलने देगी।बाबूलाल ने कहा कि राजनीति चतुराई से नहीं, ईमानदारी से चलती है। हेमंत सोरेन राज्य की जनता के प्रति ईमानदारी नहीं बरत रहे। राज्य सरकार को नीति बनाने का पूरा अधिकार है। हेमंत सरकार राज्यपाल के द्वारा स्थानीय नीति के संबंध में उठाए गए सवालों का विधिसम्मत समाधान निकालें। जल्द राज्य की जनता को स्थानीय और नियोजन नीति दें। इसके लिए बड़ी फीस पर भी विधि विशेषज्ञों, वकीलों की राय लेने से परहेज नहीं करें। आज राज्य के युवा बिना स्थानीय और नियोजन नीति के हताश और निराश हैं। बेरोजगारी की मार झेलते हुए दर दर भटकने को विवश हैं।

## परीक्षार्थियों की समस्या के दृष्टिगत एसडीएम का ध्यान आकृष्ट किया

**नरकटियागंज :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज अनुमंडलीय शहर स्थित इंटर और मैट्रिक परीक्षार्थियों के लिए मेन रोड का यातायात सुलभ करवाने के संबंध में प्रबुद्धजनों ने मांग किया है। शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच ने उपर्युक्त समस्या की तरफ एसडीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि 1/2/2023 से इंटर परीक्षा के लिए 7 और 14/2/2023 से मैट्रिक की परीक्षा नरकटियागंज के कई विद्यालय में छात्राओं का परीक्षा केंद्र है। जिस कारण शहर में भीड़ बढ़ने की संभावना है। मंच का कहना है कि मुख्य मार्ग राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर मार्ग में ओवर ब्रिज के उत्तर पुष्पांजलि होटल से पकड़ी ढाला तक सड़क के अगल-बगल वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण परीक्षार्थियों के आने जाने में काफी परेशानी होती है।

# डॉ रविंद्र अध्यक्ष एवं डॉ अन्नपूर्णा गया कॉलेज शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष निर्वाचित

### प्राचार्य ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को दी बधाई

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** मंगलवार को गया कॉलेज शिक्षक संघ का चुनाव हुआ।चुनाव अधिकारी अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सुनील के निर्देशन में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। कुल 51 मतदाताओं में से 45 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ रविंद्र कुमार पाठक को अध्यक्ष, हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सोनू अन्नपूर्णा को उपाध्यक्ष, पालि विभाग के प्राध्यापक डॉ संजय कुमार को महासचिव, भौतिकी विभाग के प्राध्यापक डॉ आशुतोष कुमार को संयुक्त सचिव,अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ आदर्श कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित



किया गया। इसके अलावा शिक्षक संघ के कार्यों की देखरेख के लिए 4 सदस्य कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें जूलॉजी के एचडी डॉ दिलीप कुमार केसरी, भूगोल विभाग के एचओडी डॉ उपेंद्र कुमार, कॉमर्स डिपार्टमेंट के प्राध्यापक डॉ अनवर खुर्शीद खान एवं इंग्लिश डिपार्टमेंट के प्राध्यापक डॉ मोहम्मद सादिक शामिल है। उक्त सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को प्रशासनिक भवन स्थित प्राचार्य कक्ष में कॉलेज के प्राचार्य डॉ दीपक कुमार ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माला पहना कर स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त किया कि गया कॉलेज शिक्षक संघ के आवाज बनकर शिक्षकों के हित पूर्ति के लिए कार्य करेंगे। वही नव मनोनीत पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक संघ का सहयोग महाविद्यालय परिवार को मिलता रहेगा। कॉलेज के विकास एवं छात्रों के हित के लिए कई बड़े कार्य किए जाएंगे।

## कार्यकता मनभेद और मतभेद भुलाकर एकजुटता का परिचय दें : श्रीवास्तव

राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया, पू. च. :** राजद के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी विनोद श्रीवास्तव ने प्रखंड क्षेत्र में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव के अध्यक्षता में स्थानीय चौक स्थित राजद नेता रघुवर प्रसाद के मार्केट परिसर में किया गया था। जहां अपने संबोधन में नेता विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि वह अरेराज से बाबा सोमेश्वर नाथ का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र भ्रमण करना शुरू किए हैं। इस दौरान वह पिपरा, खजुरिया, अरेराज होते हुए तुरकौलिया पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को मनभेद और मतभेद भुलाकर एकजुटता का परिचय देते हुए काम करना है। लोकसभा चुनाव लड़ने को लिए जिन्हें भी पार्टी टिकट देगी। सभी लोगों को दिलोजान से साथ देकर पार्लियामेंट में भेजने का काम करना होगा। आज देश विकट परिस्थितियों से गुजर रहा है। देश के इतिहास और संविधान के साथ



छेड़छाड़ वर्तमान केंद्र सरकार कर रही है। बेरोजगारी बढ़ी है। महंगाई चरम सीमा पर है। गरीब और गरीब और अमीर और अमीर होते जा रहे हैं। लेकिन विकास के मुद्दे को दरकिनार करके सरकार हिन्दू मुस्लिम करने में लगी है। लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम हो रहा है। विकास के मुद्दे को छोड़कर दिन रात सरकार नफरत का बाजार गर्म करने में लगी हुई है। इसी लिए आज के परिवेश में सभी लोगों को महागठबंधन के साथ खड़ा होने की जरूरत है। जो सौहार्द और भाईचारे में यकीन रखती है। राजद हमेशा गरीबों के साथ खड़ी रहने वाली पार्टी है। लोगों को रोजगार मिले और महंगाई से छुटकारा मिले, इसी मुद्दे को लेकर राजद हमेशा काम करती है।

## लव-कुश चेतना मंच की हुई बैठक, लव-कुश समाज की उत्थान पर हुई विस्तृत चर्चा



राष्ट्रीय खबर

**मोतीहारी पू चं :** लव-कुश चेतना मंच की बैठक बरियारपुर स्थित समाजसेवी वीरेंद्र राय पटेल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भुवन पटेल एवं संचालन रामपुकार सिन्हा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 19 फरवरी 2023 को मोतिहारी में छत्रपति वीर शिवाजी एवं भारत लेलिन शहीद जगदेव प्रसाद की जन्म शताब्दी समारोह सामूहिक रूप से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्वी चंपारण जिले के सभी प्रखंडों से समाज के लोग शामिल होंगे। बैठक में लव कुश समाज के सामाजिक एकता पर बल देते हुए सभी वक्ताओं ने सर्वसम्मति से कहा कि लव-कुश समाज की उत्थान पर विस्तृत रुप से चर्चा की। कोइरी, कुर्मी, चनऊ एवं धानुक समाज आज भी सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से जिले में बहुत कमजोर है। सभी लोगों ने वीर शिवाजी की जयंती एवं शहीद जगदेव प्रसाद की जन्म शताब्दी समारोह की सफलता के लिए आगमी 11 फरवरी 2023 को तैयारी समिति की बैठक वीरेंद्र राय पटेल के आवास पर रखी है। जिसमें लव-कुश समाज के सभी प्रमुख साथियों से शमिल होने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से वीरेंद्र राय पटेल, पप्पू कुशवाहा, कुणाल पटेल, रविंद्र सिंह पटेल, बृज बिहारी पटेल, अशोक कुमार सिंह, संजय सिंह पटेल, विजय कुमार पटेल, श्यामा कांत पटेल, सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मुंगेर जिला राजद की बैठक में कई प्रस्ताव किए गए पारित

### केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार ढंग से किया जाएगा आंदोलन

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** जिला राष्ट्रीय जनता दल मुंगेर की एक अति आवश्यक बैठक दिलावरपुर मुंगेर स्थित जिला राजद मुंगेर प्रधान कार्यालय में हुई । बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉक्टर देवकीनंदन सिंह एवं संचालन जिला राजद के उपाध्यक्ष प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने किया। बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया' बिहार प्रदेश राजद के सम्मानित अध्यक्ष आदरणीय जगदा बाबू के निदेर्शानुसार जिला में जिस किसी भी बूथ पर अभी तक बूथ कमेटी नहीं बन पाई है वहां अति शीघ्र बूथ कमेटी बनाकर इसकी सूची प्रदेश को उपलब्ध कराना'केंद्र के जनविरोधी नीतियों का जोरदार तरीके से विरोध करना जिला में प्रखंड से लेकर पंचायत तक



संगठन को और मजबूती प्रदान करना' मुंगेर में एम्स की स्थापना रेल कारखाना को निर्माण कारखाना एवं लौह नगरी जमालपुर में रेल विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु संघर्ष करना'मुंगेर विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण शीघ्र कराने हेतु राज्य सरकार से मांग करना

जिला राष्ट्रीय जनता दल मुंगेर के अध्यक्ष श्री देवकीनंदन सिंह में पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व से जिला राजद मुंगेर यह मांग करती है कि मुंगेर जिला का अध्यक्ष पद अति पिछड़ा के लिए सुरक्षित रखते हुए पुनः श्री देवकीनंदन सिंह जी को ही जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया जाए' अंत में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर बारी बारी से पुष्प एवं माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बापू के बताए हुए उपदेश सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देश को मजबूत करने का संकल्प लिया '

बैठक में जिला राजद के वरिष्ठ नेता नरेश सिंह यादव, महासचिव अमरनाथ भगत, जिला महासचिव सह जिला परिषद मुंगेर के पूर्व उपाध्यक्ष रंजू सिंह, महासचिव श्रीकांत यादव, महासचिव प्रभाकर सिंह, सचिव धर्मेंद्र सिंह, सदर प्रखंड मुंगेर के पूर्व अध्यक्ष निशा भारती, जमालपुर नगर अध्यक्ष बमबम यादव, जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कौसर फैयाज, खड्गपुर नगर अध्यक्ष पंकज यादव ,खड़कपुर प्रखंड अध्यक्ष सदानंद यादव ,बरियारपुर प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव सिंह, तारापुर प्रखंड अध्यक्ष रफी उज्जमा उर्फ भोलू, असरगंज प्रखंड अध्यक्ष विजय पंजियारा, संग्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष कंचन रजक, टेटिया बंबर प्रखंड अध्यक्ष भूदेव प्रसाद दास, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अशोक रजक, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, बुनकर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद धनंजय तांती, वार्ड पार्षद इशरत बेगम, जिला परिषद प्रतिनिधि हिमांशु कुमार निराला, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पटेल कुमार शर्मा, शकील अहमद, रामानुज पासवान, राकेश कुशवाहा, दीपक सिन्हा, मोहम्मद शकील अहमद, चंदन मंडल, बरकत कुरैशी, विनायक भारती, सचिन कुमार यादव, प्रेमानंद भारती, राजेश कुमार सुजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में राजद नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीजेपी नेत्री बोली- नूनफारा में स्वतंत्रता सेनानी शहीद अमीर सिंह के मूर्ति का होगा अनावरण

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर,गायघाट :** सैनिकों की वजह से हम सो पाते हैं चैन की नींद सो पाते हैं।गायघाट विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेत्री रानी सिंह ने कहा है कि जब सैनिक अपने घर-परिवार से दूर विकट परिस्थितियों में रहकर देश की सीमा की रक्षा करते हैं तब जाकर कहीं हम अपने घरों में चैन की नींद सो पाते हैं और अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं. उन्होंने कहा कि देश वासियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि हम सैनिक और शहीद के परिवार का ख्याल रखें।इस मौके पर गायघाट के वरिष्ठ भाजपा नेत्री रानी सिंह ने सभी प्रखंडवासियों और बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी देते हुए बताया कि बंदरा मंडल के अंतर्गत नुनुफरा पंचायत में अमीर सिंह स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से आए हुए एक सदस्य को सम्मानित की उन्हे अंग वस्त्र से और वहां



पर जितने भी बीजेपी के कार्यकर्ता बड़े बुजुर्ग जो भी थे ।उनको अंग वस्त्र से सम्मानित किया । वहां की जनता ने रानी सिंह को फूलों की माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं पर रानी सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद अमीर सिंह के वहां की जनता की मांग पर उनके मूर्ति अनावरण की घोषणा की। संस्थानों को स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखने के लिए घोषणा की है। रानी सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी अमीर सिंह जी को भी मान सम्मान देने का काम किया है । उसके बाद रानी सिंह ने 2024 और 2025 की तैयारी के लिए जनता से विनम्र निवेदन किया सबका साथ सबका साथ सबका विकास मोदी जी का मूल मंत्र लेकर चलने को कहा गलत और सही में फर्क बताया।

## आग से बचाव को लेकर नुक्कड़ नाटक कर दी जानकारी

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** जिले के गायघाट प्रखंड में रविवार को जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर अग्निशमन विभाग के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राघोपुर, बलौर निधि और हनुमान नगर गांव में अग्निशमन जागरूकता अभियान के तहत लोगों को आग से बचाव की जानकारी पूर्वाभ्यास और नुक्कड़ नाटक के जरिए दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने गर्मी के आ ईल समईया गे मईया, हवा पछुआ बहे छै गे, खाना बने तो पानी रखो पास सहित अन्य लोकगीत व नुक्कड़ नाटक के जरिए आमलोगों को आग से



बचाव की जानकारी दी। इसके अलावा अग्निशामन पदाधिकारी ने कई अहम जानकारी लोगों को दी गई।अधिकारी व कर्मियों द्वारा भी बचाव की जानकारी मॉक ड्रिल के माध्यम से दी गई। मॉक ड्रिल के माध्यम से सिलेंडर में आग लगने पर उसे बुझाने व काबू पाने के तौर तरीकों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया गया। आमलोगों से भी यह प्रक्रिया कराई गई। अग्निशमन विभाग द्वारा मवेशियों के लिए आग से सुरक्षा के उपाय, खलिहान में अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देने वाली बातों, घर में आग लगने से बचाव, गैस सिलेंडर में आग लगने पर किये जाने वाले उपायों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।इस दौरान अगिनशमन के चालक सुरज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## अपराधियों ने अस्पताल कर्मी पर फायरिंग कर छिनी बाइक

### मेडिकल फ्लाईओवर ब्रिज के निकट की घटना

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** जिले के अहियापुर थाना अंतर्गत मेडिकल के पास वाले फ्लाईओवर ब्रिज के निकट रविवार रात को बाइक सवार तीन अपराधियों ने एक अस्पताल कर्मी पर फायरिंग कर दिया। जानकारी के मुताबिक अपराधी बाइक लूटने के लिए आये थे, लूट का विरोध करने पर दो राउंड फायरिंग की गई। इसमे वे घायल हो गए,एक गोली सिर को छुते हुए उनके हेलमेट मे जाकर फंस गई। जबकि, दूसरी फायरिंग भागने के दौरान किया गया।इस दौरान अपराधी उनका बाइक लुटकर फरार होने मे सफल हो गए। पीड़ित कर्मी अहियापुर थाने के रुसुलपुर सैयद जिलानी निवासी राहुल रंजन है। घटना के बाद



मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई, किसी तरह वे एसकेएमसीएच पहुंचे। इसके बाद अपने परिजनों को सूचना दिया,वहां से वे जुरन छपरा स्थित निजी अस्पताल मे भर्ती कराये गए। जहा वे काम करते है। वही, मामले की सूचना अस्पताल ने पुलिस को दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल से घटना के संबंध मे जानकारी ली गई मौके से एक फंसी हुई गोली भी बरामद किया गया है।पीड़ित ने बताया की वह जुरन छपरा स्थित निजी अस्पताल मे कार्यरत है। वह बैरिया स्थित ससुराल गया था,वहा से अपनी बाइक से वह घर जाने लगा। इसी बीच मेडिकल फोरलेन के पास पहुंचे थे। तभी, पीछे से स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवको ने ओवरटेक कर रोक लिया। उसके बाद एक ने पिस्टल निकाला,इतने मे वे पिस्टल देखते ही भागने लगे। इसी दौरान एक ने फायरिंग की। वे बचने के लिए झुक गए। तभी, गोली हेलमेट मे जाकर लग गई। सिर को छूते हुए फंस गई,एक युवक ने बाइक ले लिया। फिर, भागने के दौरान फायरिंग की। इसके बाद वे अपने परिजनो को सूचना दिया फिर, किसी तरह अस्पताल आए।

## 251 कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा निकाला गया कलश शोभायात्रा

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** नगर पंचायत अंतर्गत धौनी दुर्गा स्थान मंदिर परिसर से सोमवार को 251 कुंवारी कन्याओं व महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया।कलश शोभा यात्रा में हरिद्वार से पधारे स्वामी सुबोधानंद जी महाराज के द्वारा राधे राधे का नारा लगाते हुए धौनी से बिहमा बिषहरी मंदिर,बिहमा बिषहरी मंदिर से तारापुर मुख्य बाजार होते हुए उल्टा महादेव मंदिर,पुरानी बाजार,संगत मंदिर, बाजार होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुॅचे।आयोजक महिला सत्संग समिति द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता किया गया।हरिद्वार से पधारे स्वामी सुबोधानंद जी महाराज ने कहा कि 30 जनवरी



से 5 फरवरी तक सातदिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ आयोजित की जायेगी।इस मौके पर कृष्ण मोहन दास,पिंटू दास,राजीव दास,साहिल राज सिद्धू,अंकित, कुमार जी,शुभम,बोनीशन, अनिता दास,सरिता दास एवं ग्रामीण सहित श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे।

# जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में 23 मामलों का निष्पादन सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता रवि प्रकाश, पूर्णिमा कुमारी, एएसडीएम अनील कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में समाहरणालय सामान्य प्रशाखा, शिक्षा विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ईंख विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग, जिला पशुपालन, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पथ प्रमंडल बेतिया, आइसीडीएस, कृषि विभाग से अंतर्गत कुल 32 मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। उपर्युक्त 32 मामलों पर विचार-विमर्श उपरांत 23



मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया तथा शेष 09 आवेदन त्रुटिपूर्ण रहने के कारण वापस कर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निराकरण करते हुए जिला अनुकम्पा समिति की अगली बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस बैठक में मृत होमगार्ड के आश्रितों के अनुकम्पा प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने इस संदर्भ में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# लालगढ़ में मजदूरों ने रेंजर के गाड़ी का किया घेराव

## दो साल के बकाया वेतन को लेकर आक्रोश किया व्यक्त

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** अमझर कोलकाली जमालपुर इलाके में साढ़े पांच एकड़ में फैले वन विभाग में काम करने वाले मजदूरों को वन विभाग द्वारा उनका बकाया भुगतान नहीं करने से नाराज मजदूरों ने वन विभाग के रेंजर सत्येंद्र शर्मा के गाड़ी का घेराव कर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए आत्मदाह करने की चेतावनी दी।आक्रोषित मजदूर बिंदु पाल, रवि पाल, ललिता देवी, महादेवी, रंजू देवी, सरिता देवी, विकास कुमार, रामेश्वर यादव, दिनेश मंडल, नेपाली मांझी, विजय कुमार व जितेंद्र मंडल ने बताया कि कोलकाली नर्सरी में 01 अप्रैल 2021 से दिसंबर 2022 तक हम लोगों से मजदूरी विभाग द्वारा कराए जाने के बावजूद बकाया




राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बकाया मजदूरी का भुगतान को लेकर संबंधित पदाधिकारी से गुहार लगाकर हम लोग परेशान होकर आज कोलकाली नर्सरी के मुख्य दरवाजे को बंद कर रेंजर के गाड़ी का घेराव करने के लिए बाद हुए हैं। जब तक हम मजदूरों का भुगतान करने की दिशा में विभाग सकारात्मक पहल नहीं करती है तो हम लोग किसी भी समय अपने परिवार के साथ कोलकाली नर्सरी परिसर में आत्मदाह करने को बाध्य होंगे। मजदूरों ने यह भी कहा कि लगभग 50 मजदूरों का वेतन बकाया होने के बाबजूद रेंजर द्वारा उनको काम से हटा कर दूसरे मजदूरों को ला कर काम कराया जा रहा है। इस बात से नाराज मजदूरों ने विभाग के रेंजर को कोलकाली नर्सरी के गेट पर रोक कर जम कर बवाल किया।मुंगेर वन विभाग के रेंजर का मजदूरों ने विरोध करते हुए कार्यालय में अंदर जाने से रोकते हुए भुगतान कि मांग कर रहे थे। इस दौरान मजदूरों ने आरोप लगाया कि साढ़े पांच एकड़ में फैले वन विभाग के क्षेत्र में मजदूरों से कई प्रकार के काम कराये जा रहे थे। लेकिन अब तक मजदूरों को लगभग दो साल का बकाया राशि करीब 16 लाख रुपया नहीं मिला है।वन विभाग में काम करने वाले मजदूरों के इंचार्ज जितेंद्र मंडल ने रेंजर पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहाँ कि रेंजर द्वारा मजदूरों कि हक मारी की जा रही है। रेंजर द्वारा मजदूरों का भुगतान करने के बदले उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। कई बार पैसों की भुगतान के बारे में बात करने के बाबजूद रेंजर सिर्फ ताल मटोल कर रहे हैं। वहीं महिला मजदूरों ने कहा कि पैसों के अभाव में किसी तरह से वो लोग आर्थिक तंगी झेलते हुए घर परिवार चला रही हैं।वहीं वन विभाग के रेंजर सत्येंद्र शर्मा ने मजदूरों के आरोप को गलत बताते हुए कहाँ कि अब तक सरकार और विभाग द्वारा जितना अलॉटमेंट आया है वो मजदूरों के बैंक अकाउंट में भेजनें कि प्रक्रिया शुरू करेंगे। बरहाल जो भी हो मजदूरों का जल्द बकाया राशि का भुगतान वन विभाग के द्वारा नहीं किया जाता है तो किसी भी समय मजदूर अपने परिवार के साथ नर्सरी में आत्मदाह करने की चेतावनी खुले रूप से दिया है।

संपादकीय

## भूमिपुत्रों की पहचान और नौकरी पर अड़ंगा क्यों

झारखंड आंदोलन की नींव ही स्थानीय पहचान और यहां की नौकरियों पर दूसरे राज्यों के लोगों के कब्जे के खिलाफ पड़ी थी। इसके बीच सूदखोरों और महाजनों के खिलाफ शिबू सोरेन ने बहुत बड़ा आंदोलन चलाया और काफी दिनों तक वह भूमिगत रहकर इस आंदोलन को चलाते रहे। तब से अब तक हर बार किसी न किसी बहाने स्थानीय लोगों की इस जायज मांग को अटकाया जाता रहा है। इस बार भी राज्यपाल द्वारा इससे संबंधित संचिका को लौटाये जाने के पीछे कोई कानूनी पेंच लगा है लेकिन दरअसल इसका मुख्य कारण राजनीति है। भाजपा यह नहीं चाहती है कि इसका श्रेय झारखंड मुक्ति मोर्चा को मिले क्योंकि यदि ऐसा होता है तो स्थानीय लोगों यानी आदिवासियों और मूलवासियों के बीच झामुमो की लोकप्रियता से उन्हें नुकसान हो सकता है। दूसरी तरफ दूसरे राज्यों से यहां आकर बसे लोगों को अपना भविष्य अंधकारमय दिखता है। ऐसे लोग भी वोट बैंक ही हैं। लिहाजा गेंद को एक से दूसरे के पाले में फेंकने का काम चल रहा है। हेमंत सरकार ने नियोजन नीति-2021 बनायी थी। इसमें यह प्रावधान था कि थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों में सामान्य वर्ग के उन्हीं लोगों की नियुक्ति हो सकेगी, जिन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षा झारखंड से पास की हो। रांची हाई कोर्ट ने इसे असंवैधानिक माना है और कहा है कि यह समानता के अधिकार के अधिकार के खिलाफ है।



हाईकोर्ट के इस निर्णय के बाद नयी नियोजन नीति के प्रावधानों के अनुरूप हो चुकीं या होने वाली वाली तकरीबन 50 हजार नियुक्तियों पर सीधा असर पड़ा है। तकरीबन दो दशक पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने स्थानीयता बनायी थी। भारी बवाल-विवाद के बाद उसे भी कोर्ट ने रद्द कर दिया था। इस बार हेमंत सोरेन ने भी 1932 के खतियान के आधार पर ही स्थानीयता नीति बनाने की तैयारी की है, यह जानते और स्वीकारते हुए कि अदालत में इस पर हथौड़ा चल सकता है। राजनीतिज्ञों की अदूरदर्शिता के कारण बार-बार झारखंडी ठगे जा रहे हैं। हेमंत की सरकार ने नयी नियोजन नीति बनायी, जिसे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। हेमंत सोरेन की दूसरी बड़ी उपलब्धि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति बनाने का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराना। 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता नीति तो बन जाएगी, लेकिन केंद्र की नौवीं अनुसूची में इसे शामिल करना होगा। इसीलिए उन्होंने केंद्र की नौवीं अनुसूची का पेंच फंसा दिया। सांप भी मर जाय और लाठी भी न टूटे वाले अंदाज में। प्रस्ताव के मुताबिक झारखंड की भौगोलिक सीमा में जो रहता हो और स्वयं अथवा उसके पूर्वज के नाम 1932 अथवा उसके पूर्व के सर्वे के खतियान में दर्ज हों, वह झारखंडी माना जाएगा। भूमिहीन के मामले में उसकी पहचान ग्राम सभा करेगी, जिसका आधार झारखंड में प्रचलित भाषा, रहन-सहन, वेश-भूषा, संस्कृति और परंपरा होगी। पेंच इसमें यह फंसा है कि इस प्रावधान को भारत के संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया जाएगा। अधिनियम संविधान की नौवीं अनुसूची में सम्मिलित होने के उपरांत ही प्रभावी माना जाएगा। सभी जानते हैं कि स्थानीयता नीति राज्य सरकार के दायरे की बात है तो इसमें केंद्र की भूमिका क्यों तय कर दी गयी। जो लोग थोड़ा बहुत राजनीतिक समझ रखते हैं,उन्हें मालूम है कि यह हेमंत सरकार का राजनीतिक स्टंट है। झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश का कहना है कि हेमंत सरकार मुद्दों को लटकाने, भटकाने और अंटकाने का काम करती है। झारखंड के मूलवासी हेमंत सरकार की नियोजन नीति से परेशान थे। भाषा के आधार पर भी राज्य सरकार ने अनुचित निर्णय लिया है। घर-घर बोली जाने वाली हिंदी और अंग्रेजी को हटाकर इस सरकार ने चंद लोगों द्वारा व्यवहार में लायी जाने वाली उर्दू भाषा को तुष्टीकरण के तहत प्राथमिकता दी थी। रघुवर दास की सरकार ने भी नयी स्थानीय नीति बना कर लागू की थी। वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन सीएम बने। उन्होंने रघुवर दास की नीति को बदलने की कोशिश की थी। मामला जब हाइकोर्ट में गया तो उसने इसे असंवैधानिक बता कर रद्द कर दिया था। इससे साफ है कि सत्ता पर आज भी दरअसल बाहरी लोगों का कब्जा है। झारखंड विधानसभा की बहाली में पिछले दरवाजे से हुए बहालियों के बाद से इसकी गति लगातार तेज होती गयी है। सत्ता पर कोई भी हो, इस पिछले दरवाजे से बहाली के अवसर किसी ने भी सही तरीके से बंद करने की कोशिश ही नहीं की है। विधानसभा की बहालियों पर जांच रिपोर्ट का अब भी धूल फांकना इसका प्रमाण है। अब सामाजिक स्तर पर लोग मुखर हो रहे हैं। संभव है कि इसी सामाजिक तेवर को भांपते हुए सभी राजनीतिक दल भी अब संभल जाएं क्योंकि वोट कट जाने का भय ही एक मात्र वह कारण है, जिससे राजनीतिक दल और उसके नेता डरते हैं।

# बदले राहुल कितनी संजीवनी साबित होंगे!

जहां राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा खत्म होते ही नई सियासत भी शुरू हो गई। हां, राहुल की व्यक्तिगत छवि में निश्चित रूप से काफी सुधार आया है। लेकिन कांग्रेस को कितना फायदा होगा, कहना जल्दबाजी होगी? उनकी जहां गंभीर छवि दिखी, वहीं भावुक और संवेदनशील तस्वीरों, वीडियो ने सबका ध्यान खींचा। कड़ाके ठण्ड में केवल एक टी शर्ट में उनकी यात्रा ने सभी का ध्यान खींचा। हो सकता है कि संयोग हो जो ठण्ड के पहले वो भी दक्षिण से शुरू यात्रा में टी शर्ट वहां अनुकूल रहा हो। लेकिन प्रतिकूल मौसम आने पर इतना उछला या उछाला जो मजबूरी कहें या जिद, जुनून बन गया। जिससे पूरी यात्रा टी शर्ट में ही काट एक अलग उदाहरण पेश हुआ। कहने की जरूरत नहीं अब दूसरों की यात्राओं में भी राहुल के हाफ टी शर्ट पर चर्चा तो होगी।



ऋतुपर्ण दवे
स्वतंत्र पत्रकार

बीते बरस 7 सितंबर को कन्याकुमारी से हुई केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश होते हुए जम्मू-कश्मीर पहुंच समाप्त हुई। इसी दौरान गुजरात और हिमाचल में चुनाव के बावजूद वहां न पहुंचने पर यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक प्रचार के बजाय सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता फैलाना कह सवाल उठाने वालों को जवाब दिया गया। लेकिन अब क्या होना है, सब जानते हैं। 145 दिनों में 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर करीब 4080 किलोमीटर की दूरी तय कर यात्रा जब जम्मू-कश्मीर पहुंची तो जबरदस्त बर्फबारी के बीच पहले से तय 30 जनवरी को राहुल ने अपने समापन भाषण से फिर अपनी गंभीर छवि दिखाने में जरा सी भी चूक नहीं की। कन्याकुमारी से जारी अपनी यात्रा को अलग तथा सत्ता-सरकार चलाने वालों को चुनौती देते हुए खुद को कश्मीर से जोड़ते हुए उत्तर प्रदेश तक ले जाने का प्रयास आगे कितना कारगर होगा यह वक्त बताएगा? लेकिन राहुल का आत्मविश्वास बेहद बढ़ा हुआ है। अब कांग्रेस कितना फायदा ले पाएगी, यह कयास लगाना भी थोड़ी जल्दबाजी होगी।

राहुल गांधी की पहली यात्रा तो समाप्त हो गई। लेकिन जुलाई से दूसरी यात्रा की तैयारियां भाजपा के लिए कैसी चुनौती बनेगी अभी नहीं समझ आ रहा है। यह यात्रा गुजरात से पूर्वोत्तर यानी सोमनाथ से शिलॉन्ग तक जाएगी। नई यात्रा कितने दिन की होगी, कहां-कहां से गुजरेगी अभी ज्यादा साफ नहीं है। इधर 2023 में मध्य प्रदेश, कर्नाटक त्रिपुरा में भाजपा तो राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कॉंग्रेस, तेलंगाना में तेलंगाना राष्ट्र समिति यानी टीआरएस, मेघालय में मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस यानी एमडीए, नागालैंड में अनोखी बिना विपक्ष की सरकार तो मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकारें है। ऐसे में जहाँ दलों को स्पष्ट बहुमत है वहां चुनौती बड़ी है लेकिन जहाँ गठबंधन की सरकारें हैं वहाँ और भी बड़ी चुनौती होगी।

फिलाहाल चंद दिनों में पूर्वोत्तर में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के चुनाव होने हैं। ऐसा नहीं है कि यहां कभी कांग्रेस का बोलबाला नहीं था। लेकिन अब कांग्रेस के लिए वजूद बचाने और बढ़ाने की चुनौती है। निश्चित रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ही हैं लेकिन पार्टी के असल सुपर स्टार तो राहुल हैं। वो पूर्वोत्तर में अब कैसा प्रभाव दिखा पायेंग और वजूद को बचाने तथा नई जमीन की तैयारी में जुटी कांग्रेस को कितना फायदा दे पाएंगे, देखना होगा।

भारत में ऐसी राजनीतिक यात्राओं का महत्व पहले कई मौकों पर दिख चुका है। देश में यूं तो स्वतंत्रता खातिर कई यादगार यात्राओं ने फिजा बदली। लेकिन मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर बीते तीन दशकों की यात्राएं अलग थीं। 1990 में लाल कृष्ण आडवाणी की रथयात्रा सभी को याद है। गुजरात के सोमनाथ मंदिर से शुरू हुई आडवाणी जी की रथयात्रा भले ही अपने पड़ाव तक नहीं पहुंची और बिहार के समस्तीपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव ने गिरफ्तार करवा लिया। इससे यात्रा तो रुकी लेकिन भाजपा को जबरदस्त ताकत मिली और राम मंदिर आन्दोलन भी उफान पर आ गया। दोबारा आडवाणी जी ने 2004 में फिर एक यात्रा निकाली और इण्डिया शाइनिंग का नारा दिया। लेकिन पहले के मुकाबले कामियाबी नहीं रही। वहीं मुरली मनोहर जोशी की 1991 की यात्रा और 1992 में लाल चौक में झण्डा फहराना भी ज्यादा प्रभावी नहीं रहा। हालाकि ऐसी राजनीतिक यात्राओं के शुरूआत का श्रेय चन्द्रशेखर को जाता है जिन्होंने 1983 में कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की और 6 महीने बाद दिल्ली पहुंचे। लेकिन तब इन्दिरा गांधी की हत्या के चलते बदले माहौल से उन्हें वो फायदा नहीं मिला जिसकी उम्मीद थी। 1985 में प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मुंबई से कांग्रेस की सद्भावना यात्रा निकलवाई जो 3 महीने बाद दिल्ली पहुंची। लेकिन यह भी वो प्रभाव नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद थी। यात्राओं के इतिहास में आंध्रप्रदेश के वाईएस राजशेखर रेड्डी की दक्षिण की झुलसाने वाली प्रचण्ड गर्मी में निकली यात्रा कैसे भुलाई जा सकती है। यह चुनाव से पहले शुरू हुई और जिसने साल भर बाद हुए चुनाव में जबरदस्त सफलता दिलाई। उनके बेटे वाईएस जगनमोहन रेड्डी की 2017 की यात्रा ने उन्हें मुख्यमंत्री बनवा दिया। इसी तरह मप्र में दिग्विजय सिंह की नर्मदा यात्रा भी जबरदस्त चचाओं में रही जिसके बाद कांग्रेस की वापसी तो हुई लेकिन अंर्तकलह से बहुमत के बावजूद कैसे सत्ता से बेदखल हुई सबने देखा। 15 अगस्त 2021 से 28 अगस्त 2021 तक 14 दिन चली भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा ने भी 24 हजार किमी की दूरी तय की और जन-जन तक जन कल्याण एवं विकास के प्रति समर्पण और प्रतिबध्दता का संदेश पहुंचाया। निश्चित रूप से यात्राओं का अपना एक महत्व व प्रभाव तो है जो जनता पर काफी असर छोड़ता है।

राहुल की यात्रा में देश के कई नामी-गिरामी हस्तियों ने भी भाग लेकर जरूर खलबली मचाई। ऐक्टिविस्ट, राजनीतिज्ञ, खेल, फिल्म, कला जगत की तमाम बड़ी हस्तियों ने साथ देकर बड़ा संदेश दिया। जहां तुषार गांधी, मेधा पाटकर, अमोल पालेकर, पूजा भट्ट, स्वरा भास्कर, आनंद पटवर्धन, रश्मि देसाई, ऋतु शिवपुरी, सुनिधि चौहान, उर्मिला मातोंडकर, मो. अजहरुद्दीन, कैप्टन बाना सिंह जैसे नामचीन शामिल हुए। वहीं दूसरे दलों राजनीतिक दलों से तेजस्वी यादव, संजय राउत, फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती की मौजूदगी ने बांकी विपक्ष को सोचने पर मजबूर किया होगा।

## ब्रजवासियों को श्रीकृष्ण ने कैसे बचाया था?

**गतांक से आगे.. ..**

ब्रजवासियों को भगवान श्रीकृष्ण ने कैसे बचाया था?

**तापत्रयविनाशाय श्रीकृष्णाय वयंनुम:॥**


ये सारे व्रजवासी मेरे हैं इनकी रक्षा में देरी नहीं करनी चाहिए। भगवान ने कहा- बिलकुल मत घबड़ाओ। जिस देवता ने पूजा कारवाई है, वही देवता हमारी रक्षा भी करेगा। चलो सब मेरे साथ। सबको साथ लेकर भगवान गोवर्धन की तलहटी में **पहुंच गए।**

**व्रजवासी बोले- अब हम क्या करें?**

**भगवान ने कहा- नाम संकीर्तन करो।**

देवता कुछ उपाय बताएगा। व्रजवासी हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगे।

**गिरिराज धरण प्रभु तेरी शरण**
**प्रभु तेरी शरण हरि तेरी शरण। गिरिराज धरण प्रभु तेरी शरण ------------**



शुकदेव जी कहते हैं परीक्षित! व्रजवासी आँख बंद करके संकीर्तन कर ही रहे थे कि कन्हैया ने अचानक गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और सभी को पुकारा- अरे! व्रजवासी तुम सभी गाय-बछड़ों और सामग्री के साथ आओ और आराम से बैठ जाओ। सारे व्रजवासी गोवर्धन पहाड़ के नीचे आराम से बैठ गए। भगवान ने उन व्रजवासियों की भूख-प्यास हर ली और सात दिनों तक अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा। सभी को अभय प्रदान किया। बोल गोवर्धन भगवान की जय----


अब इन्द्र को कृष्ण की योगमाया का प्रभाव देखकर आश्चर्य का ठिकाना न रहा। उनका घमंड चकनाचूर हो गया। श्री कृष्ण ने देखा कि आसमान साफ हो गया आंधी वर्षा के बादल छंट गए तो सभी गोप-गोपियों को अपने-अपने घर जाने का आदेश दिया। सब लोग यशोदा मैया और नन्द बाबा के साथ खुशियाँ मनाते, कन्हैया को आशीर्वाद देते गोकुल में लौट आए।

भगवानपि तं शैलं स्वस्थाने पूर्ववत प्रभु:
पश्यतां सर्वभूतानां स्थापयामास लीलया।।

व्रजवासियों ने भगवान पर भरोसा किया। भगवान ने उन्हे उस विकराल संकट से उबारा। .. .. **जारी।**

नजरिया

## समय दुख देता है तो ठीक भी करता है



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार

श्रेया उठो 7:40 बज चुके हैं, आपकी स्कूल बस 10 मिनट बाद आने वाली है, यह श्रेया की दिनचर्या थी, उसे हमेशा उसकी माँ द्वारा डांटा जाता था और ये डांट समय का पाबंद होना और सही समय पर काम करना सिखाती है। टालमटोल करने की आदत और हमेशा अनावश्यक चीजों पर समय बर्बाद करना श्रेया की आदत थी। एक दिन उसकी स्कूल बस छूट गई और उसकी माँ ने उसे साइकिल से स्कूल भेजने का फैसला किया जब वह आधे रास्ते में पहुंची तो उसने देखा कि भीड़ जमा है और एक घायल व्यक्ति को बहुत बुरी हालत में देखा, उसने तुरंत उसे पहचान लिया कि वह उसका पड़ोसी था जिसे देखने पर वह मदद के लिए चिल्लाने लगी। उसके रोने को देखकर भीड़ में से एक दयालु आदमी उसे और श्रेया को अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि अगर तुम लोग 10 मिनट लेट हो गए होते तो उसकी जान बचाना असंभव होता, उस दिन श्रेया को गोल्डन आवर रूल के बारे में पता चला और बाद में उसकी तारीफ की गई। और उसके समाज के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया अंत में उसे हमारे जीवन में प्रत्येक गुजरते मिनट के मूल्य का एहसास हुआ।

**आंदोलन सक्रिय रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में था, जल्द ही उन्हें पता चला कि यह समय केवल अतिवादी बौद्धिक वर्गों तक ही सीमित है, इसमें ग्रामीण, गरीब, मजदूर, महिलाओं आदि की कोई भागीदारी नहीं है ।**

उपरोक्त कहानी से स्पष्ट है कि समय दुख देता है और यदि समय पर इलाज मिले तो ठीक भी हो जाता है, आइए हम 1915 के इतिहास के उन कड़ियों को देखें जब गांधीजी भारत लौट आए और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने लगे। आंदोलन सक्रिय रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में था, जल्द ही उन्हें पता चला कि यह समय केवल अतिवादी बौद्धिक वर्गों तक ही सीमित है, इसमें ग्रामीण, गरीब, मजदूर, महिलाओं आदि की कोई भागीदारी नहीं है, गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में संबोधित करते हुए बाद में इस मामले को उठाया और सभी वर्गों के लोगों से इस में शामिल होने की अपील करने लगे। सही समय पर निर्णय का ये एक उत्कृष्ट उदाहरण है क्योंकि एक बार जब जनता ने भाग लेना शुरू कर दिया तो ये जबरदस्त आंदोलन बन गया, यह अब ब्रिटिश सरकार को दबाने के लिए आगे बढ़ा, इससे पहले हम इससे संबंधित एक और उदाहरण देखेंगे कि सही समय पर सही काम कैसे किया जा सकता है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि गांधीजी हमेशा अंग्रेजों को भगाने के लिए सबसे अच्छी नीति और शांतिपूर्ण विरोध के रूप में अहिंसा के पक्षधर थे देखें कि कैसे उन्होंने चौरा -चौरी की घटना के बाद असहयोग आंदोलन को आकर्षित किया, लेकिन भारत छोड़ो आंदोलन में क्या हुआ, भारत छोड़ो आंदोलन क्यों उग्र प्रकृति के रूप में जाना जाता है , गांधीजी का अंतिम उद्देश्य स्वतंत्र भारत था और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए सभी साधनों का उपयोग करने का प्रयास किया, जिसका परिणाम हम 15 अगस्त 1947 को देख सकते हैं। उदाहरणों से यह बहुत स्पष्ट है कि अब सही समय पर काम करना बहुत महत्वपूर्ण है और इससे परिणाम ठीक हो सकते हैं, अब देखते हैं कि गलत समय पर काम करने से 1991 में इतिहास में बड़े बदलाव को कैसे नुकसान पहुंच सकता है, गोरबचौव की नीति को दोष दिया गया था मगर उनके आने से लोकतांत्रिक सुधार शुरू हो गए और लोगों को आजादी मिली और इसलिए विद्रोह कर बर्लिन की दीवार को तोड़ दिया और आजादी हासिल की। मगर यूएसएसआर बिखर गया।

जानकारी


## शीश महल



इसकी भीतरी दीवारों, गुम्बदों और छतों पर शीशे के टुकड़े इस प्रकार जड़े गए हैं कि केवल कुछ मोमबत्तियां जलाते ही शीशों का प्रतिबिम्ब पूरे कमरे को प्रकाश से जगमग कर देता है।

आम्बेर का किला अपने शीश महल के कारण भी प्रसिद्ध है। इसकी भीतरी दीवारों, गुम्बदों और छतों पर शीशे के टुकड़े इस प्रकार जड़े गए हैं कि केवल कुछ मोमबत्तियां जलाते ही शीशों का प्रतिबिम्ब पूरे कमरे को प्रकाश से जगमग कर देता है। सुख महल व किले के बाहर झील बाग का स्थापत्य अपूर्व है। भक्ति और इतिहास के पावन संगम के रूप में स्थित आमेर नगरी अपने विशाल प्रासादों व उन पर की गई स्थापत्य कला की आकर्षक पच्चीकारी के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पत्थर के मेहराबों की काट-छांट देखते ही बनती है। यहां का विशेष आकर्षण है डोली महल, जिसका आकार उस डोली (पालकी) की तरह है, जिनमें प्राचीन काल में राजपूती महिलाएं आया-जाया करती थीं।

## Poco X5 और 5 Pro की होगी एंट्री



नई दिल्ली: Poco स्मार्टफोन्स को ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट में अच्छे से पसंद किया जा रहा है। हालांकि ये डिजाइन में कुछ बदलावों के साथ अधिकतर रीब्रांडेड X Xiaomi फोन हैं। Poco के हाल ही में लॉन्च हुए Poco C 50 और Poco F4 को काफी पसंद किया गया। अब ब्रांड एक नई मिड-रेंज स्मार्टफोन लाइनअप की तैयारी कर रहा है, जिसका नाम Poco 5 सीरीज है। इस सीरीज में Poco X5 और Pocond X5 Pro शामिल होंगे। ब्रांड ने बीते कुछ समय से 5 सीरीज को टीज किया है। अब आखिरकार इस सीरीज की आधिकारिक लॉन्च तारीख का पता चला है। Poco ने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट करके बताया कि Poco X5 और 5 Pro 6 फरवरी को ग्लोबल लेवल पर लॉन्च होंगे। फोन की ऐलान 20:00 GMT+8 पर एक ऑनलाइन लॉन्च इवेंट में होगा।अधिकतर पोको स्मार्टफोन्स की तरह आगामी Poco X5 और Poco X5 Pro रेडमी फोन के रीब्रांडेड होने की उम्मीद है। 5 में पोको के सिग्नेचर कैमरा बार के साथ Redmi Note 12 5G के रीबैज होने की उम्मीद है। दूसरी ओर 5 Pro एक मास्क्ड Redmi Note 12 Pro Speed Edition है।

कलर ऑप्शन की बात की जाए तो ये स्मार्टफोन को नए कलर्स जैसे येल्लो शेड देखने की उम्मीद है। डिस्प्ले की बात की जाए तो दोनों पोको फोन में 6.67 इंच की AMOLED डिस्प्ले है, जिसका फुल एचडी + रेजॉल्यूशन, 120ल्ढ़ रिफ्रेश रेट और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन मिल सकता है। पोको एक्स 5 में स्नैपड्रैगन 695 CPU मिल सकता है, जबकि एक्स5 प्रो ज्यादा पावरफुल स्नैपड्रैगन 778G प्रोसेसर मिल सकता है।




टॉप ट्वीट

“ मैं अब 80 साल का हो गया हूं, इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं राजनीति से संन्यास ले रहा हूं। मैं राज्य भर में यात्रा करूंगा और भाजपा को सत्ता में वापस लाने के लिए भरसक प्रयास करूंगा। ”

**बी एस येदियुरप्पा**
**कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री**





“एक पिता अपने बच्चे की तारीफ होने से जो महसूस करता है, वैसा ही मुझे इस फिल्म की सफलता से महसूस हो रहा है। शाहरुख ने निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को ‘पठान’ के पीछे मुख्य वास्तुकार होने का श्रेय दिया।”

**शाहरूख खान**
**बॉलिवुड अभिनेता**

संपादक के नाम पत्र

## बालपन में पनपती हिंसा

बचपन की आदतें ही आगे जाकर उसी तरह के व्यक्तित्व का निर्माण करती है। उसमें संग और मानसिक प्रवृतियां अहम होती है। बच्चे आज जिन हालातों से गुजर कर वाकयों को अंजाम हैं वह चिंता पैदा करता है। आए दिन मामूली बात के लिए हिंसा की प्रवृत्ति बच्चों में देखने में आ रही है। इस तरह की घटनाएं आम हो गई है ।हाल ही में दिल्ली के मैदान गढ़ी इलाके में महज मोबाइल के लिए किसी पेशेवर हमलावर की तरह दो बच्चों का घटना को अंजाम देना यह समझने के लिए काफी है कि हमारे बचपन के संस्कार कितने बड़े अपराधी बनने की ट्रेनिंग दे रहे है? पहले गला रेतना फिर चेहरे को एसिड से जलाने का प्रयास ऐसा लगता है बकायदा इसके लिए युवाओं ने कहीं से सीखा है। वैसे आजकल फिल्मों में जो कुछ भी दिखाया जा रहा है वह भी कहीं ना कहीं ऐसे घटनाक्रमों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। बचपन में ही हाथों मे मोबाईल फोन का मिलना भी बच्चों के लिए तरह तरह के उपद्रव का कारण बन गया है। इसके लिए अभिभावक की जिम्मेदारी भी बहुत बढ़ गई है एक तरफ बच्चे को इससे बहुत कुछ अच्छा ज्ञान की बात भी सीखने में आसानी हुई है तो दुसरी तरफ इसमें गलत बातों के तरफ भी रूची बढ गई है ।बच्चे विडीयो बनाने के लिए भी बहुत सारी हड़कत करते है बहुत सारे परिवार में अभिभावक ही प्रोत्साहित करते है जो बिल्कुल गलत है।

अमृल मारू 'रवि'
महालक्ष्मी नगर इंदौर

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# मूर्ति विसर्जन के दौरान उत्पन्न स्थिति नियंत्रण में डीएम-एसपी ने की अफवाहों से बचने की अपील

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी :** नगर के प्रधान पथ पर बीते देर शाम सरस्वती माता की प्रतिमा विसर्जन के दौरान उत्पन्न तनाव को पूरी तरह से नियंत्रण में कर लिया गया है। इस संबंध में एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि चार उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होने लोगो से अपील किया है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमो से फैलाये जा रहे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे। जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। स्थिति पूरी तरह समान्य है। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी व पुलिस के संयुक्त आदेश पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।साथ ही सीसीटीवी फुटेज व आसूचना संकलन के द्वारा उन लोगो को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्होने शहर शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने की कोशिश किया है। उन्होने बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम सोशल मीडिया पर नजर बनाये हुए है। कोई अगर अफवाह फैलाने की कोशिश करता पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई तय है।



शीर्षत कपिल अशोक ने लोगो से शांति और सौहार्द बनाये रखने की अपील करते हुए कहा है, कि सत्याग्रह भूमि चंपारण आपसी सद्भाव व सौहार्द के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां वैसे किसी उपद्रवी के मंसूबे कामयाब नही होगे यहां के लोग शांति,सत्य और अहिंसा के पक्षधर है। उन्होने बताया कि जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। उल्लेखनीय है कि बीते सोमवार की देर शाम प्रतिमा विसर्जन के दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा दो पक्षों के बीच सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएम शीर्षत कपिल अशोक एवं एसपी कांतेश मिश्रा सहित अन्य पुलिस प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर स्थिति को बिगड़ने से पहले ही पूरी तरह से शांत करा दिया।

## रूपए मांगने पर महिला से मारपीट

**रीगा :** थाना क्षेत्र के पिपराही भगवानपुर निवासी अनूठा दास की पत्नी माला देवी ने थाना में आवेदन देकर आधा दर्जन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाई है। आवेदन में उसने कहा है कि ग्रामीण शंकर दास को पूर्व में हमारे पति अनूठा दास ने 35 हजार रुपये दिया था जिसे मांगने पर शंकर दास, किरण देवी, अक्षय कुमार, राहुल कुमार, अमृता देवी, विभा देवी समेत अन्य कई ग्रामीणों ने मारपीट किया। इस दौरान किरण देवी हमारे गले से चांदी के हँसुली एवं कान से सोने का टॉप्स छीन लिया जिससे हमारे कान से खून बहने लगा तब अन्य ग्रामीणों के सहयोग एवं परिवार के लोगो ने हमे अस्पताल में भर्ती करवाया जहां इलाज करवाने के बाद थाना में उपरोक्त लोगो के खिलाफ आवेदन दिया हूं।थानाध्यक्ष रामएकबाल प्रसाद ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है।

## स्थानीय प्रशासन उपद्रवियों पर करे सख्त कार्रवाई : एमएलसी

**मोतिहारी :** मीना बाजार मेन रोड मे हुए झड़प पर जदयू एमएलसी डॉ. खालिद अनवर ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने स्थानीय जिला पदाधिकारी और पुलिस प्रशासन से कमिटी गठित कर शीघ्र ही मामले की जांच और सामाजिक सौहार्द विगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को वहां मौजूद सीसी फुटेज के जरिए चिन्हित कर बिहार सरकार के जीरो टोलरेंस नीति के तहत कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। फिलहाल स्थानीय प्रशासन एवं बुद्धिजीवियों के पहल से स्थिति सामान्य है।



## उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की दरकार : डॉ. ज्याउल हक

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी:** प्रातिमा विसर्जन के दौरान मीना बाजार मेन रोड मे हुए झड़प पर कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष डॉ ज्याउल हक ने दुख व्यक्त करते हुए कहा की चंद लोग हैं जो पूरे शहर का माहौल खराब करना चाहते हैं।



जो बहुत ही निंदनीय है, स्थानीय प्रशासन से कमिटी गठित कर शीघ्र ही मामले की जांच और सामाजिक सौहार्द बीगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है।

## शांति सुरक्षा व अमन चैन को लेकर तीन दिवसीय इज्तमा की तैयारी शुरू



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** शांति, सुरक्षा, ईमान की मजबूती, एकता,देश मे अमन-चैन,देश के प्रति आस्था की स्थापना करने को लेकर मंगलवार को प्रखंड बगहा एक के रायबारी महुअवा पंचायत के रायबारी महुअवा गांव में मुस्लिम समाज के लोगों की बैठक हुई। बता दे कि 4 से 6 मार्च तक इज्तमा होने जा रहा है। जिसको को सफल बनाने के लिए लोगों से मशवरा लिया गया। साथ ही इज्तमा के सफल संचालन के साथ व्यवस्था सम्पन्न कराने के लिए कमेटी के सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी भी सौंपी गई। जिसमें स्थानीय मुखिया मो आजाद व पूर्व मुखिया शमसाद अली अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इमत्याज अहमद, जिला प्रवक्ता अब्दुल कयूम अंसारी, उपाध्यक्ष मुतुर्जा मंसूरी , नेजाम कौवाल, जहांगीर अंसारी आदि शामिल रहे वही पूर्व मुखिया शमसाद अली और इमत्याज अहमद ने मोकम्मल इंतजाम करने का जिम्मेदारी लिया।वही जिला प्रवक्ता ने कहा कि मुल्क में अमन शांति भाईचारे को बढ़ावा देना तथा ईमान, देश , समाज, इंसानियत के लिए अल्लाह से दुआ करना ताकि देश के साथ साथ इंसानियत, समाज आदि में अमन चैन, शांति ,सुरक्षा स्थापित हो। इंसानियत का विकास हो आपसी भेद भाव को खत्म किया जाय और इस मुल्क में बसने वाले सभी लोगों की अल्लाह हिफाजत फरमाए।

## पुलिस ने किया 20 लीटर देशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

**बगहा :** पुलिस जिला के बथवरिया थाना पुलिस ने सोमवार की शाम दियारावर्ती क्षेत्र के रमना रेता में छापेमारी अभियान चला कर 20 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है। बथुवरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दियारावर्ती क्षेत्र के रमना रेता में शराब की धंधा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुचना के आलोक में दियारावर्ती क्षेत्र स्थित रमना रेता में छापेमारी अभियान चलाई गई। छापेमारी के दौरान रमना रेता के खरहुल से 20 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अंधेरे का लाभ लेकर धंधेबाज भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि शराब कारोबारी की पहचान नवलपुर थाना क्षेत्र के रमना रेता गांव के असर्फी यादव के रुप में की गई है। उन्होंने बताया कि चिन्हित धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गई है तथा धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है।

### वर्षो से अतिक्रमित भूमि को सीओ ने कराया दखल - कब्जा

**बगहा/चौतरवा :** पुलिस जिला के नदी थाना क्षेत्र स्थित रतवल में वर्षो से अतिक्रमित भूमि को अंचलाधिकारी बगहा एक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को नदी थाना पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त करते हुए दखल कब्जा दिलाया गया। अंचलाधिकारी बगहा एक ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी बगहा के पत्रांक 106 दिनांक 25 जनवरी 23 के आलोक में भूमि सुधार उप समाहर्ता के न्यायालय से बिहार भूमि निराकरण वाद संख्या 61/ 21-22 में पारित आदेश के अनुपालन में मौजा रतवल मे दखल कब्जा दिलाया गया। उन्होंने बताया कि मौजा रतवल थाना नं 292 खाता - 16 खेसरा - 820 रकबा - 1.38 एकड भूमि पर आवेदिका मेहरुन नेशा पति मौलबी मियां को दखल कब्जा दिलाया गया। सीओ ने बताया कि दखल कब्जा लेने के पश्चात आवेदिका के द्वारा निशान दस्खत बनाई । इस अवसर पर नदी थानाध्यक्ष प्रभात समीर , अंचल अमीन अनुप कुमार, मुन्ना कुमार यादव समेत दर्जनों की संख्या में पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

## कोल्हुआ-चौतरवा पंचायत में हुआ विकास शिविर का आयोजन

### एसडीएम बीडीओ व सभी विभाग के पदाधिकारी रहे मौजूद

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/चौतरवा :** प्रखंड बगहा एक के कोल्हुआ - चौतरवा पंचायत में मंगलवार को विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। अनुमंडल पदाधिकारी बगहा डॉ अनुपमा सिंह ने विकास शिविर का निरीक्षण करते हुए सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने शिविर में 179 लोगों के बीच राशन कार्ड वितरित की। विकास शिविर में राजस्व से लेकर हर एक विभाग की टेबल लगाई गई थी। लोगों ने अपनी समस्याओं की समाधान को लेकर आवेदन जमा की। पेंशन, समाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास , शौचालय , विधुत समेत विभिन्न प्रकार के योजनाओं से वंचितों लोगों ने आवेदन विकास शिविर में दिया। एसडीएम ने कहा कि लोगों की मुलभुत समस्याओं से निजात दिलाने के लिए पंचायत में विकास शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि पंचायत के लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाना नही पडे। सीओ बगहा एक अभिषेक आनंद ने बताया कि विकास शिविर में भूमि संबंधित विवादों का निपटारा किया गया। तथा दाखिल खारिज के लिए 70 आवेदन व परिमार्जन के लिए 10 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए। इस अवसर पर एएसडीएम सरफराज नवाज , बीडीओ कुमार प्रशांत , बीपीआरओ विजय कुमार, राजस्व अधिकारी कौशिकी चौबे, राजस्व कर्मचारी ललितेश्वर प्रसाद शर्मा , छठु उरांव, रुपेश कुमार, राहुल कुमार, लिपिक रामाशंकर राम , मुखिया प्रतिनिधि आलोक राम , बीडीसी संतोष राम समेत दर्जनों की संख्या में पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।



### मातम : युवक की संदेशास्पद मौत

**संग्रामपुर :** मुंगेर,संग्रामपुर प्रखंड के कटिहारी पंचायत अंतर्गत डांगरा गांव में एक युवक के सराब पिने कि आसंका जताई जा रहि है,सराब पिने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है मृतक युवक बिरजपुर गांव का संतोष मंडल बताया जा रहा है। संग्रामपुर प्रखंड टेटिया बंबर थाना क्षेत्र अंतर्गत डांगरा गांव में बिरजपुर के एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है मृतक युवक का नाम संतोष मंडल उम्र 26 वर्ष पिता सुरेश मंडल ग्राम बिरजपुर पोस्ट खपरा थाना संग्रामपुर (टेटियाबंबर) जिला मुंगेर का है, घटना की खबर सुनकर बिरजपुर गांव के लोग एवं मृतक की माँ घटनास्थल पर पहुंचे तो वही बेटे का सब देख मां दहाड़ मार कर रोने लगी मौत कैसे हुई किस कारण से हुई इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है जबकि स्थानीय लोगों के द्वारा टेटिया बंबर ओपी को जानकारी दी गई है अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता

## गुप्त सुचना के आधार पर भारी मात्रा में शराब बरामद, महिला हिरासत में

**रीगा :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रामएकबाल प्रसाद ने बताया कि गुप्त सुचना मिली कि बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बाहर से आई है। जिसके बाद थाना क्षेत्र के अन्हारी पंचायत के इजरहिया गाँव वार्ड नम्बर 5 में छापेमारी कर पुआल के टाल में छिपाकर रखा 48 पेटी पंजाब निर्मित मैगडोल नम्बर 1 शराब की पेटी बरामद की गई है। जिसमे 750 एम एल की 550 पीस बोतल एवं 180 एम एल की 96 पीस बोतल कुल 646 बोतल शराब वजन 430 लीटर जप्त कर लिया गया है। घटनास्थल से फिलहाल एक महिला को गिरफ्तार किया गया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार कर लाये गए महिला की पहचान इजरहिया गांव निवासी परमेश्वर साह के पत्नी शांति देवी के रूप में की गई है। मौके से फरार कारोबारी को चिन्हित कर करवाई की जा रही है।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**आदापुर, पू.च :** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को चिकित्सक प्रभारी डॉ संतोष कुमार के अध्यक्षता में दस फरवरी से शुरू हो रहे फाइलेरिया एम डी ए उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आशा फसलिटेटर को प्रशिक्षण दिया गया।दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे व गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को उम्र के अनुसार निर्धारित खुराक खिलाया जाना बताया गया। इसमे अपने सामने ही दवा खिलाने का निर्देश दिया गया।संतोष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जो मच्छरों से फैलता है।फाइलेरिया विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है फाइलेरिया से कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में संक्रमित हो सकता है।प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए अपने आस पास जल जमा न होने दे। एमडीए के दौरान सरकार द्वारा मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा खाकर रोग मुक्त रहेंगे। चिकित्सक प्रभारी डॉ संतोष कुमार ने बताया कि दस फरवरी से अभियान फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कार्यक्रम शुरू होगा। जहां सभी घरों में जाकर मुफ्त दवा खिलाए जाएगी। संतोष कुमार ने फाइलेरिया के बारे में बताते हुए कहा कि यह यह शरीर को अपंग और कुरूप करने वाली बीमारी है। दीर्घकालीन विकलांगता में यह बीमारी विश्व में दूसरे स्थान पर है।लिम्फैटिक फाइलेरिया को आम तौर पर हाथ-पांव के नाम से जाना जाता है। यह संक्रमण वुचरेरिया बैनक्रॉफ्टी नामक परजीवी के काटने से होता है। इस बीमारी का संक्रमण आमतौर पर बचपन मे ही हो जाता है।संक्रमण के बाद पांच से पंद्रह वर्षों में मनुष्यों मे हाथ-धातु देता है।

## बंद पईन को पुन : चालू करने को दर्जनों किसानों ने जलसंसाधन मंत्री को पत्र दे लगाई गुहार



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** प्रखंड बगहा दो अंतर्गत सेमरा कटकुईया पंचायत के करीब 50 किसानों ने पनवट की समस्या को लेकर सूबे के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। किसानों का कहना है कि पूर्व से मौजूद पईन को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जाम कर दिया गया है। जिससे करीब 300 एकड़ खेती युक्त भूमि की सिंचाई प्रभावित हो रही है। जल संसाधन मंत्री को लिखे पत्र के अनुसार प्रखंड बगहा दो के महुअर ओझवलिया गाँव के लगभग 300 एकड़ जमीन की सिंचाई पिछले 15 वर्षों से बंद पड़ी हुई है। वहां स्थित पईन को असमाजिक तत्वों के द्वारा बंद कर देने के कारण किसान की स्थिति काफी दुखद है। उक्त पईन की लम्बाई लगभग 2.5 किलोमीटर है। जिससे स्थानीय किसानों के खेतों में पानी जाता था और फसलें लहलहाती थी। जिससे किसान अपने परिवार तथा देश के लोगों का पेट भरते थे। जल संसाधन मंत्री को मुकेश कुमार लाल, अमरेश बैठा, संतोष पांडेय, राम कृष्ण तिवारी, हरि ओम पांडेय अभिषेक पटेल, राहुल पटेल, धनंजय चौधरी, रामनरेश ठाकुर, विनोद सिंह समेत 50 किसानो ने पत्र के माध्यम से गुहार लगाई है।

## प्रतिमा विसर्जन जुलुश के दौरान विधुत तार की चपेट में आने से आधा दर्जन जख्मी

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** बिजली के तार के चपेट में आने से करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए।जानकारी के अनुसार नप के विशुनपुरवा गांव के बगल में प्रतिमा विसर्जन को ले जुलुश निकला था। जिसमे साउंड बज रहा था और लोग थिरक रहे थे। लोगो की काफी भीड़ थी।इसी बीच विधुत प्रवाहित नंगा तार के चपेट में करीब आधा दर्जन लोग आ गए। घटना को देख भगदड़ मच गई। किसी तरह लोगो ने घायलों को बचाया। जिसमे विशुनपुरवा का आदित्य कुमार व कुरुम टोला का अमरजीत यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। लोगो ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मोतिहारी रेफर कर दिया गया।गंभीर रूप से घायल दो व्यक्ति का इलाज रहमानिया में चल रहा है। घायलों के मदद के लिए मुख्य पार्षद नसरीन अली,उपमुख्य पार्षद सरिता कुमार,पार्षद कामिनी श्रीवास्तव,अली हसन,विकास शर्मा,सुभाष सिन्हा सहित कई लगे हुए है।



## नगर पंचायत के नव गठित सशक्त समिति का एसडीएम ने कराया शपथ ग्रहण



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** नप में सशक्त स्थायी समिति का गठन किया गया। एसडीएम श्रेष्ठ अनुपम ने मुख्य पार्षद नसरीन अली,उपमुख्य पार्षद सरिता कुमारी,सशक्त स्थायी समिति के सदस्य के रूप में शकुंतला देवी,रोबिन कुमार,मदीना खातुन को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य व उप मुख्य पार्षद ने बताया कि नगर पंचायत का चौमुखी विकास होगा।सड़को को दुरुस्त किया जाएगा,सफाई की समुचित व्यवस्था की जाएगी,जल निकासी के लिए नाला का निर्माण किया जाएगा,नगर में रौशनी की व्यवस्था की जाएगी,नल जल को सुचारू रूप से चलाया जाएगा,ताकि आम लोगो को शुद्धपेजल मिल सके।नगरवासियों को कोई परेशानी ने हो इसके लिए समुचित कदम उठाया जाएगा। मौके पर समाजसेवी सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अली हसन, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा, रामनारायण सहनी, अमानुल्लाह, मुकेश कुमार सहित कई मौजूद थे।

## बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूरी



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** बिहार बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा एक फरवरी से शुरू हो रही है। इसको लेकर राजकीय नंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केन्द्र अधिक्षक रामविजय यादव ने बताया कि इस केंद्र पर एक फरवरी से शुरू होने वाली इंटरमीडिएट की परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसको लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी माध्यमिक शिक्षा और साक्षरता साहेब आलम ने परीक्षा पूर्व एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जिसमें सभी विक्षक,सीएस शामिल रहे जिनको मास्टर ट्रेनर कमलेश कुमार सिंह और अंजना कुमारी ने परीक्षा शुचारु रुप से संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण दिया। परीक्षकों के लिए केंद्र अधीक्षक द्वारा परिचय पत्र जारी किया गया है। इस परीक्षा केंद्र पर पीजेएलएनएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरनी कोठी, बंशीधर गवर्नमेंट हाई स्कूल आदापुर,शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल कढ़ान बैरिया,श्री सालिक सिंह स्कूल बाकरपुर,श्री माहवीर सिंह स्कूल पीपरा,डीपी हाईस्कूल हुसेनी और +2 गवर्नमेंट स्कूल सिरोना चिरैया के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र है जहां आट्र्स में 837, साइंस में 502 और कॉमर्स में 35 सहित कुल 1374 परीक्षार्थि परीक्षा में सामिल होगे।बताया गया कि परीक्षा शांतिपूर्ण निष्पक्ष और कदाचार मुक्त संपन्न कराने की पूरी व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे।परीक्षा को संपन्न कराने में शम्भु शरण मिश्र, राजीव मिश्रा,राघवेंद्र कुमार कमलेश,पंकज वर्मा,राकेश श्रीवास्तव,हिमांशु गौतम सहित अन्य कर्मी लगे हुए थे।

## रामगढ़वा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और तानाशाही रवैए के खिलाफ आक्रोश

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़वा,पू.च:** प्रखंड अंतर्गत सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं तानाशाही रवैए के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत रमन एवं रामगढ़वा प्रखंड के वार्ड सदस्यों एवं प्रखंड कमेटी सदस्यों के साथ प्रखंड कार्यालय परिसर में आक्रोश जाहिर किया,तमाम बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए सुजीत रमन ने कहा कि रामगढ़वा प्रखंड के 200 के करीब जनप्रतिनिधियों का समस्या का मामला काफी महत्वपूर्ण एवं गंभीर है,जब जनप्रतिनिधियों को अपनी मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है तो फिर आम जनता का योजनाओं के लिए क्या हाल होता होगा।अगर जनप्रतिनिधियों का मांग उचित है तो निश्चित रूप से इनको हक मिलना चाहिए।

जिलाधिकारी से हमारी मांग है कि जल्द से जल्द इनकी मामले पर करवाई हो। साथ ही प्रखंड वार्ड संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारी तमाम मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से जिला कार्यालय तक आवेदन पहुंचाते आ रहे हैं,कुछ दिन पहले हम लोगों ने आमरण अनशन भी किया था लेकिन आज तक समस्या का निवारण नहीं हुआ हम लोगों ने फैसला किया है कि 8 फरवरी को हम सभी वार्ड सदस्य अपना त्यागपत्र प्रखंड कार्यालय को समर्पित करेंगे।



## पुण्यतिथि पर याद किए गए बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह



राष्ट्रीय खबर

**रीगा :** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह का 62 वां पुण्यतिथि स्थानीय शिक्षक सदन में अध्यक्ष रामकृपाल ठाकुर की अध्यक्षता में मंगलवार को मनाई गई। अध्यक्ष ने कहा कि श्री कृष्ण बाबू के मुख्यमंत्री काल में 1950 ईस्वी में जमीदारी प्रथा का खात्मा किया गया था साथ ही बिहार पहला राज्य बना। जहां-यह प्रथा समाप्त कर दी गई। श्री बाबू का जन्म 21 अक्टूबर 1887 ईस्वी में ननिहाल में ही हुआ था। कोलकाता विश्वविद्यालय से एम ए. की पढ़ाई कर कुछ दिनों तक वकालत का काम किया लेकिन गांधी के विचारों से प्रभावित होकर देश की आजादी के लिए सक्रिय आंदोलन में कूद पड़े। इसी क्रम में श्री बाबू गिरफ्तार होकर जेल भी गए। महात्मा गांधी श्री बाबू को बिहार का पहला सत्याग्रही की संज्ञा दी। वे मुख्यमंत्री के पद पर रहते बिहार के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे। पुण्यतिथि पर रामकृपाल ठाकुर संजय कुमार सिंह अजय राज संजीव चौधरी विभा कुमारी सुभाष गुप्ता सुबोध कुमार सुमेश्वर झा इंद्रजीत राय आदि पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया।

## पशु शेड निर्माण से संबंधित सुचना मांगने पर कार्यालय में मची खलबली

राष्ट्रीय खबर

**रीगा :** सिराही पंचायत के रामपुर गंगौली गांव निवासी अशोक कुमार सिंह ने सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्रखंड लोक सूचना पदाधिकारी से पशु शेड निर्माण में बरती गई। अनियमितता एवं लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। अशोक कुमार सिंह ने वर्ष 2018-2019 से 2022-23 तक मनरेगा द्वारा कितने पशु शेड का निर्माण हुआ साथ ही सभी लोगों के नाम पर कितनी राशि की निकासी की गई। आवेदन कर्ता अशोक कुमार सिंह ने पशु शेड मामले में रामपुर गंगौली गांव के दर्जनों लाभुकों के नाम पर पूरी राशि निकालने का आरोप लगाते हुए सूचना के अधिकार के तहत सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। सूचना के अधिकार के तहत मांग करने के बाद मनरेगा विभाग में खलबली मच गई है।

# दुष्कर्म से आहत युवती ने की आत्महत्या, दो पर प्राथमिकी

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** पीपरा थाना क्षेत्र के सरैया पंचायत अंतर्गत पिठौरा गांव के दो युवको ने 15 वर्षीय नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म किया। जिससे तनाव में आकर लजावश युवती ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबन्ध में मृतक के माँ ने बीते सोमवार को पीपरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना बिते रविवार देर शाम की बताई गई है।प्राथमिकी के अनुसार मृतिका की माँ रिता देवी ने उसी गांव के पड़ोसी अपने गोतिया महेन्द्र पाल के पुत्र गौतम तथा रामाशीष पाल के पुत्र संतोष पाल को नामजद अभियुक्त बनाया है। जिसमें जबरन घर में घुसकर युवती का मुंह दबाते हुए दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाई है। इस दौरान मौके पर पहुंची उसकी मां ने जब यह देखा और शोर मचाते हुए मौके ए वारदात पर संतोष पाल नामक एक युवक को धर दबोची तो आरोपियों ने उसके साथ भी धक्का मुक्की किया और झकझोर कर भाग निकले।इस घटना से आहत होकर



युवती ने घर के अंदर लकड़ी के धरन ( कंडी ) में अपने दुपटे से फंदा लगाकर

आत्महत्या कर ली। विदित हो कि घटना के दिन मृतिका की माँ घर पर थी। जबकि उसके पिता श्रीकांत पाल गया में मजदूरी करने गये थे।

घटना के संबंध में पीपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि मृतिका की मां रिता देवी के फर्द ब्यान पर पीपरा थाना कांड संख्या 03/2023 दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घटना के बाद से सभी नामजत आरोपी फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपियों को धारा 376(1), 306, 34 भादवी एवं 4/8 पोक्सो एक्ट का अभियुक्त बनाया गया है।उधर सरैया पंचायत के मुखिया प्रियंका तिवारी और समाजसेवी विकाश तिवारी ने घटना की घोर निंदा करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

जबकि कई ग्रामीणों ने बताया कि घटना के आरोपियों का पहले से ही आपराधिक चरित्र रहा है।

## प्रदेश >> अपडेट

### प्रस्वीकृति मिलने पर जताई खुशी

**गढ़वा :** जिले के तीन विद्यालयों को प्रस्वीकृति मिलने पर विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। विद्यालय के प्राचार्य कहा कि प्रस्वीकृति मिलने से विद्यालय, महाविद्यालय एवं छात्र छात्राओं को भी काफी सहूलियत होगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### डाकघर में शोकसभा कर दी गई श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद :** प्रधान डाकघर मेदिनीनगर में कार्यरत डाक सहायक राकेश कुमार कादिल्ली एम्स में इलाज के दौराननिधन हो गया । इनके निधन सेसभी डाककर्मी मर्माहत है । इनके निधन पर जपला मुख्यडाकघर में शोक सभा आयोजितकर शोक मनाया गया जिस में डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता,अरविन्द कु ओझा, विनोद चौधरी, पप्पू कुमार, संतोष टुड्डू,भोला प्रसाद, निर्मल कुमार, रवि कुमार ,देवेन्द्र नाथ गुप्ता, संतोष ठाकुर, भगवान सिंह, सोमनाथ,अभिषेक कुमार, सहित शाखा डाकघर के सभी कर्मचारी एवं सभी एजेंट उपस्थित थे ।

### जड़ी-बूटी प्रकरण में एक ओर व्यक्ति की हुई मौत

**पेटरवार :** पेटरवार जड़ी-बूटी प्रकरण में मंगलवार को एक ओर ब्यक्ति की मौत इलाज के दौरान चास के एक निजी अस्पताल में पूर्वाह्न 11:00 बजे हो गयी। इस तरह जड़ी-बूटी प्रकरण में अब तक एक महिला सहित दो लोगो की मौत हो चुकी है जबकि अन्य दो ब्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच अभी भी जूझ रहे है। जिसमे एक ब्यक्ति का इलाज पेटरवार ओर चास के निजी अस्पताल में चल रहा है। जड़ी- बूटी मामले में मंगलवार को चास के एक निजी अस्पताल में जिसकी मौत हुई उसका नाम लगनु बेदीया (50 वर्ष) ग्राम जगुडीह ओरदाना(पेटरवार) है जो मुख्य वैद्य है।

# गोलपालपुर से छत्तरपुर के मन्देया नदी तक हुआ कलश यात्रा का आयोजन



▶▶ देवी मंडप प्राण-प्रतिष्ठा सह अखंड कीर्तन कार्यक्रम का छत्तरपुर के गोपालपुर में आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**छत्तरपुर (पलामू):** छत्तरपुर में देवी मंडप प्राण-प्रतिष्ठा सह अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन छत्तरपुर के गोपालपुर में हुआ है। गांव में जलाभिषेक हेतु कलश यात्रा का आयोजन किया गया पण्डित अमरेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें छत्तरपुर नगर पँचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, नगरअध्यक्ष के पूर्व प्रत्यासी अरबिंद गुप्ता मुखिया रामजन्म राम, उमेश विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। यह कलश यात्रा गोपालपुर से लम्बी दूरी तय कर छत्तरपुर के मंदेया नदी पँहुची जहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इस मौके पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज मे सौहाद्र और पवित्रता बनी रहती है साथ ही इलाके का विकास भी होता है। यह भी कहा कि गोपालपुर के लोग वाकई बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया है। वहीं उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने कहा कि कलश यात्रा से लोगों में धर्म के प्रति अभिरुचि बढ़ती है।कार्यक्रम के आयोजक एक फरवरी को मंडप प्रवेश, दो फरवरी को नगर भ्रमण, तीन फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा एवम रात्रि में अखंड कीर्तन और चार फरवरी को हवन, पूणार्हुति और भंडारे कार्यक्रम का आयोजन तय है। वहीं कार्यकम को सफल बनाने में मुख्य रुप से कमेटी के अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रामप्रीत साव, लाल सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, प्रसाद यादव विष्णुदेव सिंह, महेंद्र सिंह, संजय सिंह, विजय विश्वकर्मा, अर्जुन विश्वकर्मा, विनोद सिंह, विजय यादव और बसन्त यादव की भूमिका महत्पूर्ण रही।

# अंजू देवी के आग्रह पर किया कासीस्त्रोत डैम का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**मोहम्मदगंज,पलामू:** सुखाड़ राहत को लेकर डी एम एफ टी मद से प्रस्तावित सिचाई योजना के निरीक्षण के लिए मंगलवार को उप विकास आयुक्त रवि आनंद मोहम्मदगंज पहुचे। प्रखंड कार्यालय में जिला पार्षद अंजू देवी व युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने उपविकास आयुक्त को प्रखंड क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण 5 सिचाई योजना से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया । सौपे गए ज्ञापन में उत्तर कोयल मुख्य नहर से जुड़ी अधौरा, परता,तेंदुआ व सहार बिहरा लघु वितरणियों के पक्कीकरण और काशीस्त्रोत डैम के जीर्णोद्धार की मांग शामिल है। इस मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर ओझा और अंचलाधिकारी यशवंत नायक भी उपस्थित थे। प्रखंड में अधिकारियों से मीटिंग के बाद उप विकास आयुक्त आनन्द ने प्रखंड के सिवान,उपरकी,बनबीघा, तेंदुआकला,तरकुलिया आहार बांध के जीर्णोद्धार कराने को लेकर निरीक्षण किया। जिला पार्षद अंजू देवी के आग्रह पर कासीस्त्रोत डैम का भी निरीक्षण किया और इसके जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया। जिला पार्षद अंजू देवी ने बताई की जल्द ही प्रस्तावित सिचाई जीर्णोद्धार योजनाओं का कार्य होगा ।

## न्यूज फटाफट

### सबजोनल कमांडर अनिल भूईया ने किया आत्मसमर्पण



**पलाम :** झारखण्ड पुलिस के द्वारा उग्रवादियों के उन्मूलन हेतू लगातार कार्रवाई की जा रही है। इन कार्रवाईयों के अन्तर्गत जहां एक ओर उग्रवादियों के उन्मूलन हेतू उनके मांद में सघन अभियान चलाया जा रहा है वही दूसरी ओर झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पूर्नवास नीति का प्रचार-प्रसार र उग्रवादी एवं दूरस्त इलाकों में सफलता पूर्वक किया जा रहा है इसी कड़ी में झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पूर्नवास नीति तथा पलामू पुलिस के अथक प्रयास से प्रभावित होकर श्री चंदन कुमार सिन्हा (मा०पु० से०) पुलिस अधीक्षक, पलामू एवं CRPF 134 पलामू के समादेष्टा सुदेश कुमार तथा CRPF 172 गढ़वा के समादेष्टा नृपेन्द्र कुमार सिंह के समक्ष प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर अनिल भूईया उर्फ प्रकाश जी उर्फ जय प्रकाश जी उर्फ ओम प्रकाश पिता कपिल भूईया, ग्राम खोकरा सेमरहट टोला, थाना- चैनपुर, जिला- पलामू के द्वारा एक देशी कट्टा एवं दो 315 गोली के साथ को आत्मसमर्पण किया है। इन्हें आत्मसमर्पण कराने में CRPF के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### पुलिस ने पोस्ते की फसल को किया नष्ट

**छत्तरपुर (पलामू):** जिले के छत्तरपुर इलाके में पुलिस ने 5 एकड़ में लगी पोस्ता की फसल को नष्ट किया। छत्तरपुर पुलिस ने गुलाबझरी गांव के बटाने डैम के किनारे लगभग पांच एकड़ में लगे पोस्ता (अफीम) की खेती को नष्ट किया है । पोस्ता की खेती नष्ट करने के लिए छत्तरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार सदल-बल मौके पर पहुंचे । फिर ट्रैक्टर से पोस्ते की खेती को तबाह कर दिया । यह कार्रवाई उस वक्त की गयी है जबकि अधिकांशत: फसल तैयार हो गयी थीं थाना प्रभारी शेखर कुमार ने कहा कि जहां जहां पोस्ते की खेती होने की सूचना मिलेगी, वहां वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### उद्घाटन मैच में नौडीहा टीम विजयी

**छत्तरपुर (पलामू):** प्रखंड के नौडीहा पंचायत में नौडीहा क्रिकेट क्लब के द्वारा नौडीहा मैदान में क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच खेला गया जिसमें नौडीहा बनाम छत्तरपुर के बीच मैच खेला गया जिसमें नौडीहा क्रिकेट क्लब ने 3 विकेट से मैच जीत लिया। इस क्रिकेट टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य छत्तरपुर पश्चिमी प्रतिनिधि रंजीत जयसवाल उर्फ फंटूश एवं नौडीहा पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह लाल बिहारी यादव राधे कृष्णा यादव क्रिकेट टूनार्मेंट के अध्यक्ष मुन्ना सिंह संयोजक अक्षय पासवान रितेश चंद्रवंशी अशोक गुप्ता पंचायत समिति प्रतिनिधि विनय राम राकेश राम असगर अंसारी अख्तर क्रिकेट टूनार्मेंट के पदाधिकारी उपस्थित थे। रंजीत जायसवाल ने सनी कुमार को 3 विकेट लेने एवं 34 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिए साथ ही 500 रुपया नगद पुरस्कार दिए।

### एमडीएम सह मोनेटरिंग कमिटी की हुई बैठक

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बहुदेशीय भवन के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में प्रखंड एमडीएम सह मोनेटरिंग कमिटी की एक बैठक मंगलवार को की गई। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू ने एमडीएम मोनेटरिंग कमिटी के सदस्यों को बताया कि चालू तिमाही में प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालयों में एमडीएम नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है। चतुर्थ तिमाही के कुल आवंटित चावल प्राप्त हो चुका है। प्रखंड अंतर्गत चतुर्थ तिमाही का 92 विद्यालयों में वितरण किया जा चुका है और शेष विद्यालयों में अगले तीन दिनों में वितरण कर दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि माह दिसंबर का 12 दिनों का प्राप्त राशि विद्यालय के सरस्वती वाहिनी संचालन समिति के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया है व राशि कम रहने के कारण विद्यालयों में एमडीएम संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह भी बताया गया कि छात्र- छात्राओं का जाति प्रमाणपत्र बन गया है जिसमे कुछ विद्यालय प्रधान से संपर्क कर जाति प्रमाणपत्र का वितरण किया जा चुका है व शेष विद्यालय प्रधान को भी एल ई से संपर्क कर जाति प्रमाणपत्र प्राप्त कर छात्रो के बीच वितरण हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि रसोई तैयार करने और भोजन परोसने वाले सभी वर्तन जीर्ण- शीर्ण हो चुका है जिसके कारण संयोजिकाओ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा विभाग को पत्र लिखने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नही की गई। बीआरसी के कम्प्यूटर ऑपरेटर कुमार कौशलेश के कार्य प्रणाली पर एमडीएम मोनेटरिंग कमिटी ने संतोष ब्यक्त किया।

### मनरेगा योजनाओं की पंचायत वार समीक्षा की

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शत्रुधन कुमार ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक। उन्होंने बैठक के दौरान प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चलाए जा रहे मनरेगा योजना की पंचायत वार समीक्षा की। मनरेगा योजना के अंतर्गत चलाये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्यो में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा करते हुए मजदूरों की संख्या में बढ़ोतरी करे ताकि मजदूरों को काम मिल सके। उन्होंने लंबित योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निर्देश भी दिया। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना के तहत वित्तिय वर्ष 2022-23 के दौरान बागवानी के नए योजनाओं का रिकॉर्ड खोलने का निर्देश दिया।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए बापू

**गुमला :** सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर जिले भर के सभी प्रमुख कार्यालयों में पूर्वाह्न 11 बजे 2 मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया गया। उसके अलावा इनडोर स्टेडियम के निकट अवस्थित गांधी पार्क में उप विकास आयुक्त हेमंत सती सहित कई जिला स्तरीय अधिकारियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पण कर दो मिनट का मौन रखते हुए गांधी जी के योगदान को याद किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक खाद तैयार करने की विधि बताई गयी

**पेटरवार :** पेटरवार बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रॉची के वानिकी संकाय के 40 छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को डॉ बसंत उरांव के नेतृत्व में पेटरवार कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र- छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र में लगाये गए मृदा जांच केंद्र, तैयार की गई प्राकृतिक खाद सहित अन्य के संबंधों में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केंद्र के क्रिया कलाप के संबंध में भी कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक से जानकारी प्राप्त की। केंद्र के प्रधान व वरीय वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से वानिकी संकाय के छात्र- छात्राओं को कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराया और प्राकृतिक कृषि पर छात्र- छात्राओं को विस्तार से बताया। उन्होंने प्राकृतिक खाद और बीज तैयार करने की भी विधि छात्र- छात्राओं को बताई।

# ज्ञान विज्ञान समिति जिला कार्यकारिणी का बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** ज्ञान विज्ञान समिति जिला कार्यकारिणी का बैठक जिला कार्यालय शांतिपुरी पुलिस लाइन में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता शशि भूषण गिरी जबकि संचालन जिला सचिव अजय साहू के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य अतिथि ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद उपस्थित हुए। जिला कार्यकारिणी का बैठक बुनियादी सभा प्रखंड सभा और जिला सम्मेलन को लेकर बुलाई गई थी। बैठक के समीक्षा में 15 प्रखंडों में बुनियादी सभा का प्रपत्र जमा किया गया और 7 प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन संपन्न हुआ इसकी जानकारी सभी प्रखंडों के साथियों ने दिया । उपस्थित प्रखंड के साथियों को 15 फरवरी तक बचे हुए प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन संपन्न कराने की जिम्मेवारी दिया गया। जिला सम्मेलन के स्थान और तिथि का घोषणा करते हुए श्री शिव शंकर प्रसाद जी ने कहा कि जिला सम्मेलन जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड मोहम्मद गंज में रखा जाएगा और यह सम्मेलन दो दिवसीय 25 और 26 मार्च 2023 को आयोजित किया जाएगा सम्मेलन में सभी प्रखंडों से निर्वाचित डेली गेट सम्मेलन में भाग लेंगे।

# अधिकारी नहीं अभिभावक रहे जटाशंकर चौधरी: सोनू

राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** अपने रचनात्मक एवं कल्याणकारी कार्यों से आम आदमी के लिए सुलभ एवं हितकारी रहे पलामू प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी की सेवादारी सेवानिवृत्ति के उपरांत भी जारी रहेगी। जनसेवा का पर्याय बन चुके इंडियन रोटी बैंक से सम्मान पाने के बाद अभिभूत आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने पलामू में मिले स्नेह की चर्चा की एवं दीपक तिवारी फेम इंडियन रोटी बैंक की सेवादारी से प्रभावित होकर आजीवन जुड़े रहने का भरोसा दिया। आयुक्त जटाशंकर चौधरी के सेवाकाल के अंतिम दिवस कार्यालय पहुंचकर इंडियन रोटी बैंक की झारखंड प्रदेश इकाई ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया वहीं मोमेंटो प्रदान कर पलामूवासीयों की दिलों में हमेशा जीवंत रहने का भरोसा दिलाया।



राष्ट्रीय उप प्रभारी सोनू सिंह नामधारी के निर्देशन में प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी के नेतृत्व में विदाई देने पहुंची आईआरबी की टीम ने अपने कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में पलामू को समृद्ध बनाने की योजना को बढ़ावा देने के लिए आयुक्त चौधरी को धन्यवाद दिया।

इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी सोनू सिंह नामधारी ने बताया कि आयुक्त का पद जनता से जुड़ा हुआ आमतौर पर नहीं दिखता है, लेकिन वर्तमान आयुक्त ने समय पर कार्यालय पहुंचना, जनता के समस्याओं को सुनना, उस पर कारवाई के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करना, इतना ही नहीं प्रमंडल के जनसमस्याओं पर संज्ञान लेकर बैठक करना और समाधान के लिए निर्देशित कर उन्होंने अन्य अधिकारियों से अलग छवि तो गढ़ा ही बल्कि अभिभावक बनकर प्रशासनिक महकमा के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी बन गए। प्रतिष्ठित व्यवसाई सोनू नामधारी ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक आयु के उपरांत नीश्चित है परंतु ये अधिकारी के तौर पर नहीं अभिभावक के तौर पर हम सब से विदा हो रहे हैं।

## सहरसा जिला के इस पुलिस वाले की तैनाती हुई राज्य के पुलिस मुख्यालय में

# बिहार पुलिस की शान है जमादार राघव झा की मूंछें

▶▶ मूंछ से प्रभावित होकर कई आईपीएस दे चुके हैं रिवार्ड

▶▶ दरोगा ने मूंछ के रख-रखाव पर डीजीपी से मांगा भत्ता

दीपक नौरंगी

**पटना:** फिल्म शराबी आपको याद होगी, जिसमें अमिताभ डायलॉग देते हैं- मूछें हों तो नत्थूलाल जैसी, वरना न हो। पटना के पुलिस मुख्यालय में तैनात दरोगा राघव झा की भी मूछें भी कुछ ऐसी ही है। उनकी मूछों का शानी पूरे राज्य में नहीं है। 50 साल के झाजी की मूछें 30 इंच लंबी हैं, जो बिहार पुलिस की शान है। उनकी इतनी लंबी मूछों



को देखते ही कई आईपीएस अधिकारी राघव झा को पुरस्कृत कर चुके हैं। राघव झा की मूछें इन दिनों बिहार के पुलिस महकमे में चर्चा का विषय है। राघव झा पटना जिला बल में लंबी मूंछ वाले इकलौते दरोगा हैं। राघव झा को पहले मूंछ के रख-रखाव पर विभाग से भत्ता मिलता था, लेकिन अब उन्हें भत्ता नहीं मिल रहा है। बिहार पुलिस का गौरव और सम्मान बढ़ाती मूछें सरदार पटेल भवन में चर्चा का मुख्य केंद्र बनी रहती है सहरसा जिले के रहने वाले राघव झा ने बताया कि किशनगंज में तैनाती के दौरान तत्कालीन पुलिस कप्तान अभिताभ दास उन्हें हर माह मूंछ भत्ता देते थे।

इसके अलावा तत्कालीन डीजीपी गुप्तेश्वर समेत समेत आधा दर्जन से अधिक भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी उनकी मूंछों से प्रभावित होकर भत्ता दे चुके हैं।

राघव झा ने बताया कि उसकी मूंछ की लंबाई करीब 30 इंच है। इसके रखरखाव में कठिनाई हो रही है। इस कारण मूंछ के रखरखाव के लिए भत्ते मिलना चाहिए। मूंछों के रखरखाव में हर दिन साबुन, तेल और उसे संवारने में राघव झा को एक घंटे से अधिक का समय लगता है। राघव झा ने बताया कि पुलिस सेवा में आने के बाद ही उन्होंने लंबी मूंछें रखनी शुरू की। पुलिस में पहले रौबदार मूंछ और उसे संवारने का शौक रखने वाले पुलिसकर्मी काफी संख्या में होते थे। इसके एवज में विशेष भत्ता और रिवार्ड मिलता था। अब न तो रौबदार मूंछों वाले थानेदार बचे हैं और न ही उन्हें संवारने का शौक रखने वाले।

# खेल प्रतियोगिता आरंभ

राष्ट्रीय खबर

**गुमला :** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, रांची एवं जिला प्रशासन, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में सहाय योजना खेल प्रतियोगिता के तहत परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में फुटबॉल (बालक) , तेलंगा खड़िया स्टेडियम में बालिका फुटबॉल तथा वॉलीबॉल एवं संत इग्नासियुस स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान में हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ किया गया।

इस प्रतियोगिता में 14-19 वर्ष आयु वर्ग वाले बालक /बालिका द्वारा भाग लिया जा रहा है। सहाय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन



जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, डी. डी. सी. गुमला, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी तथा जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन ने दीप प्रज्वलित एवं गुब्बारा उड़ाकर कर विधिवत उद्घाटन की गई। मौके पर डी. डी. सी. गुमला ने कहा कि सहाय योजना का उद्देश्य खेल के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के हुनर को एक पहचान देकर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। योजना के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में जिला एवं राज्य स्तर पर विजेता एवं उप विजेता को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

**शहर >> अपडेट**

### अवैध खनन कर बालू ले जा रहे टैक्टर-ट्राली को पुलिस ने किया जप्त

**भितहा :** अवैध बालू खनन कर बिक्री के उद्देश्य से लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर ट्रेलर को भितहा पुलिस ने छापेमारी करते हुए जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम हथुआहवा मुजा टोला मे खनन कारोबारियो द्वारा बालू खनन कर ले जा रहे टैक्टर ट्राली को पुलिस ने जप्त कर लिया। पुलिस को देखकर टैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर भाग फरार हो गया। मामले में भितहा थानाध्यक्ष साहिद अनवर अंसारी ने बताया कि बालू लदी हुई टैक्टर ट्राली जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। वही ट्रेक्टर ट्रेलर थाना क्षेत्र के जमुनिया निवासी गुलाब यादव पिता नन्दलाल यादव की बताई जा रही है।

# 10 फरवरी से शुरू किए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को बनाएं सफल - बी डी ओ

**एमडीए कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगे स्वास्थ्य कर्मी सहित अन्य अधिकारी : एमओआईसी**

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंगेर :** अगामी 10 फरवरी से शुरू किए जाने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करें। यह बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) परिसर में आयोजित प्रखंड समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए धरहरा प्रखंड के बी डी ओ मृत्यंजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि नाइट ब्लड सर्वे रिपोर्ट के अनुसार धरहरा प्रखंड में जिला भर में सर्वाधिक 4% माइक्रो फाइलेरिया रेट पाया गया है। इसको ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत धरहरा पंचायत सहित जिला भर में अगामी 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू किया जा रहा है, जो अगले 14 दिनों तक चलेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा, आईसीडीएस, जीविका, जनवितरण प्रणाली के अधिकारी और कर्मचारी लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन और एमडीए कार्यक्रम की सफलता के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इसके साथ ही आप लोग लोगों को फाइलेरिया बीमारी से होने वाली परेशानी और इससे बचने के लिए फाइलेरिया की दवा खाना क्यों जरूरी है ये बताएंगे। ताकि जब एमडीए अभियान के दौरान जब आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दवा खिलाने जब जाए तो उनके मन में दवा खाने को लेकर कोई असमंजस नहीं हो और वो बगैर किसी हिचकिचाहट के दवा का सेवन कर सके। इस अभियान अमियान अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों को जोड़े ताकि उनके माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक इस अभियान के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके और लोग इसका फायदा उठा सके। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धरहरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महेंद्र कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक फरमान अहमद, आईसीडीएस से जुड़ी महिला सुपरवाइजर विनीता और माधवी, जीविका से जुड़े कम्युनिटी कॉर्डिनेटर, पीसीआई के डिस्ट्रिक्ट मोबलाइजेशन कॉर्डिनेटर (डीएमसी) मिथिलेश कुमार, एसएमसी राकेश कुमार, केयर इंडिया से अमरेश कुमार और सीफार से जय प्रकाश कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। एमडीए कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाना सुनिश्चित करेंगे,स्वास्थ्य कर्मी सहित अन्य अधिकारी : बीसीसी मीटिंग को संबोधित करते हुए सीएचसी धरहरा के एम ओआईसी डॉक्टर महेंद्र कुमार ने कहा कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान घर- घर जाकर सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने वाली आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ये सुनिश्चित करेंगी कि सभी लोग अनिवार्य रूप से फाइलेरिया के दवा के रूप में अल्बेंडाजोल और डीईसी दवा का सेवन कर लें।

## एसपी ने औचक निरीक्षण में अनुपस्थित दारोगा पर की कार्रवाई



**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर :** पुलिस कप्तान जेजे रेड्डी ने कासिम बाजार थाना का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान थाना पर पहुंचे एसपी ने स्टेशन डायरी, ओडी, पंजी का अवलोकन किया। जिसमें पाया कि पुलिस अवर निरीक्षक त्रिलोकी कुमार 23 जनवरी से 25 जनवरी तक एनडीपीएस एक्ट से संबंधित सर्च सीजर एंड इन्वेस्टिगेशन अंडर एनडीपीएस एक्ट विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु पुलिस मुख्यालय पटना हेतु प्रस्थान किए थे, परंतु प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत एक दिन विलंब कर थाना में 27 जनवरी को योगदान किए। जांच के क्रम में पुलिस अवर निरीक्षक त्रिलोकी कुमार थाना सिरिस्ता में अनुपस्थित पाए गए। एसपी ने अनुपस्थित त्रिलोकी कुमार पर शो काउज की कारवाई की। औचक निरीक्षण में एसपी ने जमानतीय अजमानतीय, वारंट, इश्तहार एवं कुर्की पंजी का भी अवलोकन किया तथा लंबित वारंट, इश्तिहार कुर्की का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर थानाध्यक्ष मिंटू कुमार सिंह को करने का निर्देश दिया।

## कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

**राष्ट्रीय खबर**



**लखीसराय :** सरस्वती पूजा के अवसर पर गांधी मैदान में अंडर 15 के छात्रों का फिजिकल प्रतियोगिता आयोजित थी। जिसमें आसपास के क्यूल वृदावन, गोड्डी, काली पहाड़ी, मानो टोला, लाली पहाड़ी के बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सौरभ कुमार तथा प्रमोद कुमार की देखरेख में किया गया।

प्रतिभागियों में हरेराम कुमार, सुमन कुमार, दिलखुश कुमार, आयुष कुमार, गुलशन कुमार, निलेश कुमार, श्रवण कुमार, धर्मवीर कुमार, भोला कुमार, हरेराम यादव, दीपक कुमार, गौरव कुमार, विक्की कुमार, अंजय कुमार तथा सोनू कुमार सफल विजेता चुने गए। जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन गुलशन कुमार का रहा। मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान तथा शेखपुरा ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष मंटू यादव एवं अरविंद यादव ने संयुक्त रूप से सभी टॉप 20 प्रतिभावान छात्रों को मेडल, किताब, कलम, कॉपी, ट्रॉफी तथा कैलेंडर इत्यादि से सम्मानित किया। कार्यक्रम के संचालक सह समाजसेवी सौरभ कुमार तथा प्रमोद कुमार ने सभी छात्रों को आगे भी मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा फिजिकल एक्टिविटी के बारे में लोगों को जागरूक किया ताकि इसमें भाग लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा बच्चे शामिल हो सके।

## पुण्यतिथि समारोह : बिहार केसरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

- नेता प्रतिपक्ष ने कहा - बिहार में भाजपा शासन आते ही होगा अयोध्या जैसा सीतामढ़ी का विकास

**राष्ट्रीय खबर**



**सीतामढ़ी रुन्नीसैदपुर :** स्थानीय कटरा मोड़ पर आयोजित बिहार केसरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह की पुण्यतिथि समारोह में बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। भाजपा नेता राजेश चौधरी की अध्यक्षता व शिक्षक ज्ञान प्रकाश ज्ञानू के संचालन में आयोजित समारोह में पूर्व सांसद सीताराम यादव, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, पूर्व विधायक राम नरेश प्रसाद यादव, पूर्व विधायक श्रीमती उषा विद्यार्थी, पूर्व विधायक नगीना देवी, रीगा विधायक मोतीलाल प्रसाद, परिहार विधायक गायत्री देवी, बथनाहा विधायक अनिल राम, भाजपा जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नेता अरुण कुमार गोप, प्रो. उमेशचंद्र झा, गौरव कुमार सिंह, दिनकर राम, सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार सिंह, वाल्मीकि कुमार व अमरेश कुमार सिंह समेत अन्य थे। आगत अतिथियों का अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर भाजपा नेता राजेश चौधरी व पूर्व विधायक गुड्डी देवी ने स्वागत किया। विधायक गुड्डी चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा से श्री कृष्ण बाबू के स्थल के सौंदर्यीकरण की मांग की जिसको श्री कुमार ने जल्द ही अपने ढंग से सौंदर्यीकरण करवाने का आश्वासन दिया।

## सेवानिवृत पर दो कर्मियों का हुआ सम्मान समारोह



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** प्रखंड बगहा दो में पिछले 30 वर्षो से परीचारी के रूप में पदस्थापित शफायत अंसारी तथा पिछले तीन वर्षों से बगहा दो प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पंचायत सचिव के रूप में योगदान दे रहे पारस प्रसाद यादव के सेवानिवृत्ति पर मंगलवार के दिन प्रखंड सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा दो जयराम चौरसिया ने की वहीं मंच संचालन प्रखंड के नाजिर बुलेट सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम में बगहा दो अंचल अधिकारी दीपक कुमार, प्रखंड कार्यपालक अधिकारी हेमंत कुमार सहित प्रखंड व अंचल परिवार की ओर से उन्हें सूटकेश फूल माला, बुके, शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया तथा उनके कुशल कार्यशैली पर दो शब्द कहते हुए प्रकाश डाला गया। वहीं प्रखंड में उनके द्वारा की गई कार्यो की सराहना की गई।

इस अवसर पर बगहा दो प्रमुख शिवकुमारी देवी, उपप्रमुख गुड्डू सिंह, अंचल नाजिर इम्तियाज अहमद, शेफायत हुसैन, इम्तियाज अहमद, दर्जनों पंचायत के सचिव व मुखिया सहित प्रखंड,अंचल व अनुमंडल कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## गरीबों को उजाड़ने की कीमत पर सौन्दर्यीकरण बर्दाश्त नही : माले

- विजवनिया के दलीत भुमीहीनो को कब्जा देकर वास-अवास की गरान्टी करो
- भाजपा की जनविरोधी निती के खिलाफ 15 फरवरी को पटना चलें: विधायक


**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया प्रखंड के गोखुला गांव मे माले नेता शेख बागर के दरवाजे पर अगामी 15 फरवरी को पटना में आयोजित लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ, शहीदों के सपनो के भारत बनाओ रैली की सफलता हेतु माले कार्यकर्ताओ व ग्रामीणो की बैठक भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह सिकटा विधायक ने की।बैठक को सम्बोधित करते हुए माले विधायक ने कहा की भाजपा की जनविरोधी निती के कारण जनता त्रस्त है। छात्र-नौजवानो के सामने रोजी-रोजगार का संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है तो किसानो को खेत-खेती की चिन्ता सता रही है। माले नेता ने कहा यूपी की तरह भाजपाई साजिश का शिकार प्रदेश की गरीब-दलीत भुमीहीनो के घरों पर बुलडोजर बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के चलाया जा रहा है। तलाब के किनारे वासित विजवनिया के गरीब-दलीत भुमीहीन ग्रामीणो को सौन्दर्यीकरण के नाम पर उजाड़ने की नोटिस ग्रामीणो को मिला हुआ है जो गैर संवैधानीक है। आगे विधायक ने कहा की गरीबो को उजाड़ने की किमत पर सौन्दर्यीकरण किसी भी सूरत में माले बर्दाश्त नही करेगा।उजाड़ने से पहले विकल्प व्यवस्था कर भुमीहीनो को भुमी आवंटित करनी होगी साथ ही माले नेता रैली की सफल आयोजन के लिए अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने की अपील ग्रामीण जनता से किया। उपर्युक्त जानकारी यासिर अरफात माले जिला नेता, पश्चिम चम्पारण ने मीडिया को दी।

## विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में सरस्वती पूजा के बाद धूमधाम से हुआ विसर्जन

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** अनुमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी गैर-सरकारी विद्यालयों व विभिन्न स्थानों पर मां विद्यादायिनी सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। जिससे शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति मय का माहौल रहा। विद्यार्थी सुबह से ही पंडालों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा की आराधना में जुटे थे। कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए और बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। वही वसंत पंचमी के दूसरे दिन विद्या की देवी मां वीणावादिनी को शुक्रवार को भावपूर्ण और नम आखें से विदाई दी गई। विदाई के पूर्व माता सरस्वती की प्रतिमा की सुहागिनों ने खोइछा भराई की रस्म अदा की। शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित मा सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को विभिन्न नदी, नहर, जलाशयों में कर दिया गया। दोपहर से ही ग्रामीण क्षेत्रों में विसर्जन की शोभायात्रा शुरू हो गई थी। यह सिलसिला कई घटों तक चला। प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा विभिन्न सड़कों से गुजरती रही। विभिन्न पूजा पंडालों द्वारा अलग-अलग निकाली गई विसर्जन शोभायात्रा में शामिल विद्यार्थी व अन्य लोग डीजे की धुन पर नाचते-थिरकते और एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते चल रहे थे।

लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार एवं नौरंगिया थानाध्यक्ष राजेश झा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी सरकारी एवं गैर सरकारी एवं गांवों में रखी गई मां सरस्वती की प्रतिमा को धूमधाम से पूजा छात्रों द्वारा किया गया और शांतिपूर्ण शुक्रवार को सभी संस्थानों से प्रतिमा को विसर्जित कर दिया गया। थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसको लेकर पुलिस प्रशासन प्रतिमा विसर्जन यात्रा में विशेष नजर बनाए हुए थे।

## बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** मंगलवार के दिन स्वास्थ्य केंद्र हरनाटाड मे बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार राय ने किया। इस दौरान सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने एक दूसरे के सहयोग का निर्णय लिया। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बैठक में अपने-अपने कार्य क्षेत्र में कार्य के दौरान होने वाली समस्याओं को रखा। जिसके निष्पादन के लिए पीएचसी प्रभारी तथा कर्मचारी संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए। इस दौरान बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अलावा डॉक्टर इरशाद आलम, डॉ राजेंद्र काजी, डॉ रणवीर सिंह बीसीएम अनिल कुमार सहित संघ के तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

# विधान परिषद, प्रतिपक्ष के नेता ने गायत्री अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया शुभारंभ

**मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया उद्घाटन**

**राष्ट्रीय खबर**



**तारापुर :** सोमवार की देर शाम बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने सरकारी बस स्टैंड तारापुर के समीप कारू सिंह सभागार के प्रांगण में समारोह के बीच गायत्री अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। गौरतलब है कि उद्घाटन कार्यक्रम के पूर्व समारोह स्थल पर अल्ट्रासाउंड सेंटर की संचालिका एवं विराट चंद्रा उर्फ गोलू सिंह कमरगामा ने मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर बुके भेंट कर अभिवादन किया। मुख्य अतिथि सह पूर्व मंत्री श्री चौधरी को विनय चौधरी ने चादर देकर पूर्व मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। उद्घाटन कार्यक्रम मौके पर पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कारू सिंह सभागार में आए उपस्थित लोगों के बीच पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि किसी भी संस्था या सेंटर का संचालन बेहतर तरीके से हो इसका ख्याल प्रोपराइटर के विचार और व्यवहार पर आधारित होता है। इन्होंने गायत्री अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक विराट चंद्रा उर्फ गोलू को इस कार्य के लिए पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने अपनी दिल की गहराई से उन्हें बेहतर संचालन करवाने के लिए शुभकामनाएं दी। क्षेत्र के निर्धन एवं गरीब महिलाएं को भी मुफ्त में अल्ट्रासाउंड करने की घोषणा संचालक द्वारा किया गया।

इसके पूर्व समारोह के मौके पर इंजीनियर रोहित चौधरी जमुई जिला भाजपा के प्रभारी रविंद्र सिंह कल्लू ,खगडिया जिला भाजपा के प्रभारी कुमार प्रणय, जिला परिषद सदस्य अनिल कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, विनय चौधरी, श्रवण अग्रवाल, मोहम्मद मुजाहिद ने भी संबोधित किया। इस मौके पर तारापुर नगर पंचायत की मेयर नीलम देवी समीर मधुकर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि, जोगी मंडल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कार्यकलापों की आवधिक समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में समिति के गठन

- अनुपयोगी सरकारी सेवक को अनिवार्य सेवानिवृति का निर्णय लेगी समिति
- प्रशासन के सुदृढ़ीकरण को मिलेगा बल

**बृज भूषण कुमार**



**बेतिया :** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में 50 वर्ष की आयु के उपर के सरकारी सेवकों के कार्यकलापों की आवधिक समीक्षा कर उन्हें अनिवार्यतः सेवानिवृति को जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण, बेतिया की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति बेहतर प्रशासन के लिए अनुपयोगी सरकारी सेवक को अनिवार्य सेवानिवृत कराये जाने का निर्णय लेगी। इससे प्रशासन के सुदृढ़ीकरण को बल मिलेगा।

इस समिति में उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण सहित जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल बेतिया सदर को सदस्य नामित किया गया है। उपर्युक्त समिति सरकारी कर्मियों के सत्यनिष्ठा संदिग्ध होने की स्थिति में, सरकारी सेवक की कार्य दक्षता या आचार ऐसा नहीं है, जिससे उसे सेवा में बनाये रखना न्याय हो अथवा जिसे सेवा में बनाये रखना लोकहित में नहीं हो, वैसे सरकारी कर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृत करने पर विचार करेगी।

## न्यूज फटाफट

### असम में होगा राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**नयी दिल्ली:** सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के 71वें सत्र का आयोजन असम के गुवाहाटी में दो से नौ फरवरी के बीच किया जायेगा। टूर्नामेंट के प्रसारणकर्ता एलीट स्पोर्ट्स इंडिया ने इसकी सूचना देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच ईएसआई लाइव यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होंगे। एलीट स्पोर्ट्स इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सनी भंडारकर ने कहा, ''वॉलीबॉल एक खेल के रूप में भारत में हमारी प्राथमिकताओं में रहा है। जब हमने शुरुआत की थी तब हम जानते थे कि हमारे पास ज्यादा दर्शक नहीं होंगे और यह सफर लंबा होगा, लेकिन हमने विश्वास किया कि हम इसपर काम कर सकेंगे और आज हम यहां हैं।'' भंडाकरकर ने कहा, ''भारतीय वॉलीबॉल महासंघ (वीएफआई) के सीईओ राम अवतार सिंह जाखड़ और अध्यक्ष प्रोफेसर अच्युता सामंत ने भी हमारे संबंध का बहुत सहयोग किया है, जिससे हमें इस खेल को अधिक दर्शकों तक पहुंचाने में मदद मिली है।'' राष्ट्रीय टूर्नामेंट में वरिष्ठ भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ वॉलीबॉल खिलाड़ियों की नयी पौध भी मैदान में उतरेगी। टूर्नामेंट के सभी मैचों का लाइव प्रसारण ईएआई लाइव यूट्यूब चैनल पर दो फरवरी से शुरू होगा।

### युवाओं को आत्मविश्वास देता है यूथ गेम्स:तैराक अपेक्षा



भोपाल: मुंबई की प्रतिभावान तैराक अपेक्षा फर्नांडिस ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने से पहले कहा है कि यह आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देता है। अपेक्षा ने कहा,'' मेरा मानना है कि यह सभी के लिये बहुत बड़ा मंच है। इस आयोजन में कम उम्र के तैराक भी हिस्सा लेते हैं। ऐसे में आपको भावी पीढ़ी के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलता है। साथ ही यह भावी पीढ़ी को आगे के लिये आत्मविश्वास देता है। इसमें देश के बेहतरीन एथलीट हिस्सा लेते हैं, लिहाजा आपको उनके और उनके खेल के बारे में जानने का मौका मिलता है। आप हर किसी से कुछ सीखते हैं। मेरी नजर में इसमें हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी के लिये यह एक महान अवसर होता है। '' तैराकी में भारत के सबसे चमकदार उभरते हुए सितारों में से एक हैं। बीते साल पेरू में आयोजित जूनियर विश्व तैराकी चैंपियनशिप में 200 मीटर बटरफ्लाई इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय अपेक्षा दूसरी बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा ले रही हैं। अपेक्षा के पिता बीजी फर्नांडिस आईआईटी मुंबई में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं और उनकी मां हीरानंदानी अस्पताल में मनोचिकित्सक हैं। अपेक्षा ने पंचकुला में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे संस्करण में पांच स्वर्ण और एक रजत सहित कुल छह पदक जीते थे। इसमें से चार स्वर्ण 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में आये थे, जबकि एक स्वर्ण रिले में आया था।

**पूर्वावलोकन** सीरीज 1-1 से बराबर होने के बाद बुधवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में

# टीम से बाहर बैठे खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

- पृथ्वी शॉ जहां शुभमन गिल की जगह पारी की शुरुआत कर सकते हैं
- वहीं विकेटकीपर ईशान के दस्ताने जितेश सिंह को सौंपे जा सकते हैं



एजेंसियां

**अहमदाबाद:** न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज 1-1 से बराबर होने के बाद बुधवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में भारत उन खिलाड़ियों को एकादश में शामिल कर सकता है, जिनको अब तक सीरीज में मौका नहीं मिला है। इकाना स्टेडियम की पेचीदा पिच पर भारत ने न्यूजीलैंड पर पांच विकेट से जीत दर्ज कर ली, लेकिन इस दौरान बल्लेबाजी से जुड़ी कई कमियां सामने आ गयीं। भारत जब न्यूजीलैंड द्वारा दिये गये 99 रन के छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरा तो सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल सिर्फ 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

काफी देर संघर्ष करने के बाद ईशान किशन ने भी 32 गेंद पर 19 रन बनाकर पवेलियन का रुख किया। दोनों ही सलामी बल्लेबाज अपने टी20 करियर में प्रारूप की आवश्यकताओं को पूरा करने में ज्यादातर अक्षम नज़र आये हैं। गिल ने पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 15.2 की औसत और 128.81 की औसत से 76 रन बनाये हैं, जबकि किशन 26 मैचों में 26.08 की औसत और 123.25 की औसत से 652 रन बना सके हैं। भारत न्यूजीलैंड दौरा खत्म होने से पहले एक बार विस्फोटक सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को मौका दे सकता है। घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने कारनामों के बावजूद शॉ को कभी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने जौहर दिखाने का मौका नहीं मिला। उन्होंने अपने करियर का जो एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला वहां भी उनकी बल्लेबाजी नहीं आयी। पृथ्वी शॉ जहां शुभमन गिल की जगह पारी की शुरुआत कर सकते हैं, वहीं विकेटकीपर ईशान के दस्ताने जितेश सिंह को सौंपे जा सकते हैं। घरेलू टी20 में 147.93 के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले जितेश फिनिशर की भूमिका के लिये अच्छा विकल्प हो सकते हैं। टीम प्रबंधन को दीपक हुड्डा को ऊपरी क्रम में जगह देने पर भी विचार करना चाहिये।

हुड्डा की विशेषज्ञता मध्य ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ आक्रामकता दिखाना है, लेकिन वर्तमान भारतीय एकादश में उन्हें छठे-सातवें नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिलता है। हुड्डा ने आयरलैंड के खिलाफ अपना एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए जड़ा था।

अगर पांड्या की टीम तीसरे टी20 में गिल-किशन की जोड़ी को आराम देती है तो हुड्डा को ऊपरी क्रम में आज़माया जा सकता है। दूसरी ओर, भारत में ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीतने से सिर्फ एक कदम दूर न्यूजीलैंड भी आत्मविश्वास से लबरेज़ होगा। मिचेल सैंटनर बतौर कप्तान बेहद रचनात्मक रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने लखनऊ टी20 में लोकी फर्ग्यूसन से स्पिन गेंदबाजी करने के लिये कहा था ताकि पिच का भरपूर इस्तेमाल किया जा सके। कप्तान सैंटनर 12 में से 10 टी20 मुकाबले जीतकर अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल रहे हैं। वह भारत को उसी की सरजमीन पर हराकर अपने नाम के साथ एक दुर्लभ सफलता जोड़ना चाहेंगे। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम अब तक बल्लेबाजों के लिये मददगार साबित हुआ है। यहां खेले गये पिछले पांच में से तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में दोनों टीमें 160 से ज्यादा रन बनाने में कामयाब रही हैं और ओस को ध्यान में रखते हुए कप्तान पांड्या टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी कर सकते हैं। अहमदाबाद का मौसम बुधवार को साफ रहने की उम्मीद है और सब कुछ सही रहने पर भारतीय टीम मुकाबला जीतकर सीरीज फतह करना चाहेगी।

## शीर्ष टी20 गेंदबाज बनने से एक कदम दूर दीप्ति



एजेंसियां

**दुबई:** भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित त्रिकोणीय शृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की महिला टी20 रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी रैंकिंग के अनुसार दीप्ति 737 रेटिंग पॉइंट के साथ टी20 गेंदबाजों की सूची में तीसरे से दूसरे स्थान पर आ गयी हैं। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन (763) अब भी शीर्ष पर बरकरार हैं, हालांकि वह दीप्ति से सिर्फ 26 रेटिंग पॉइंट आगे हैं। दीप्ति फिलहाल भारत, वेस्ट इंडीज और मेजबान दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जा रही महिला टी20 त्रिकोणीय शृंखला में नौ विकेट झटक चुकी हैं। भारत को गुरुवार को होने वाले फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करना है, जिसके बाद हरमनप्रीत कौर की टीम महिला टी20 विश्व कप 2023 की तैयारियों में जुट जायेगी। इसी बीच, राजेश्वरी गायकवाड़ ने टी20 गेंदबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर 14वां स्थान हासिल कर लिया, जबकि स्नेह राणा एक पायदान फिसलकर 10वें से 11वें स्थान पर पहुंच गयी हैं।

### यूएस ओपेन में जोकोविच के हिस्सा लेने पर सामने आई जानकारी



**नई दिल्ली:** सर्बियाई स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अब इस वर्ष यानी 2023 में अगस्त और सितंबर के महीने में होने वाले यूएस ओपन टूनार्मेंट में खेलते दिखाई देंगे। इससे पहले हुए यूएस ओपन टूनार्मेंट में नोवाक हिस्सा नहीं बन सके थे। अमेरिका में पालन किए जा रहे कोविड 19 नियमों के मुताबिक जोकोविच संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करने के लिए योग्य नही हैं क्योंकि उन्होंने कोरोनावायरस का टीका नहीं लगाया था। इससे पहले 2022 में उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने का भी मौका नहीं मिला था।हालांकि वर्ष 2023 नोवाक जोकोविच के लिए काफी अलग रहा है। साल के पहले महीने में ही ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने में सफलता हासिल करने वाले नोवाक के हौंसले इस जीत के साथ काफी बुलंद हो गए है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में हराया था।

## ऋषभ पंत अस्पताल से डिस्चार्ज, फैंस में छाई खुशी

एजेंसियां



**मुंबई:** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द ही अस्पताल से डिस्चार्ज हो सकते है। उनके डिस्चार्ज को लेकर अस्पताल से बड़ी अपडेट आई है, जिसके बाद फैंस ने राहत की सांस ली है। जल्द ही ऋषभ को अस्पताल से छुट्टी मिलेगी।माना जा रहा है कि अस्पताल में ऋषभ पंत का इलाज अच्छे से हो रहा है। खुद ऋषभ पंत ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर जानकारी दी है कि अगर सब कुछ ठीक रहा होता मैं जल्द ही अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाउंगा। उन्होंने लिखा कि मेरी तेजी से रिकवरी हो रही है। मैं हर दिन अच्छा महसूस कर रहा हूं। मेरी सर्जरी सफल रही। कठिन समय में सभी की दुआओं और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। इससे पहले ऋषभ का इलाज कर रहे डॉक्टरों और मेडिकल टीम ने जानकारी दी थी कि वो इस सप्ताह घर जा सकेंगे। ऋषभ पंत की इस महीने की शुरूआत में लिगामेंट सर्जरी हुई थी। इस सर्जरी के लिए उन्हें देहरादून से मुंबई के लिए शिफ्ट किया गया था। इस सर्जरी के बाद से ऋषभ पंत की लगातार रिकवरी जारी है। हालांकि ऋषभ पंत को पूरी तरह से रिकवर होने में काफी समय लगेगा।

**आईपीएल का नहीं होंगे हिस्सा**

ऋषभ पंत अप्रैल-मई में होने वाले आईपीएल का हिस्सा नहीं होंगे। वो दिल्ली की टीम के कप्तान है। ऐसे में दिल्ली की टीम को ऋषभ पंत के बिना ही मैदान पर उतरना होगा। टीम को ऋषभ की कमी भी काफी खलेगी।

## 48 वर्ष की हुई प्रीति जिंटा



एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रीति जिंटा आज 48 वर्ष की हो गयी। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने करियर के शुरूआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1998 में प्रदर्शित मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इस फिल्म के लिए प्रीति जिंटा फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। संस्पेंस थ्रिलर पर आधारित इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के करियर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस फिल्म के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गई। वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म दिल चाहता है प्रीति जिंटा के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। इस फिल्म से फरहान अख्तर ने बॉलीवुड में बतौर निर्देशक अपनी शुरू आत की थी। तीन दोस्तों पर आधारित इस फिल्म में प्रीति जिंटा के अपोजिट आमिर खान थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और आमिर खान की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के करियर के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा प्रीति जिंटा के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रीति जिंटा और शाहरूख खान की जोड़ी एक बार फिर से पसंद की गई। वर्ष 2005 में प्रदर्शित और लिव इन रिलेशनशिप पर आधारित फिल्म सलाम नमस्ते के जरिये प्रीति जिंटा ने एक बार फिर से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को दीवाना बना दिया। वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के करियर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई।

## 'पठान' की सफलता से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं शाहरुख खान



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान का कहना है कि फिल्म 'पठान' की सफलता से वह गौरान्वित महसूस कर रहे है। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है। फिल्म पठान 25 जनवरी को रिलीज हुयी है। पठान के जरिये शाहरूख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है।फिल्म पठान एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। फिल्म पठान की सफलता से शाहरूख गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। शाहरूख ने बताया कि पठान की सफलता के बाद उन्हें वैसा ही महसूस हो रहा है जैसा एक पिता अपने बच्चे की तारीफ पर महसूस करता है। उन्होंने कहा, एक पिता अपने बच्चे की तारीफ होने से जो महसूस करता है, वैसा ही मुझे इस फिल्म की सफलता से महसूस हो रहा है। शाहरुख ने निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को 'पठान' के पीछे मुख्य वास्तुकार होने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, हम लोगों ने उनके निर्देशों का पालन किया।

## अक्षरा सिंह का गाना टिकिया रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह का गाना टिकिया रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह का गाना टिकिया सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने में अक्षरा सिंह अपनी सखी के संग हंसी ठिठोली करते हुए उन्हें शादी ना करने की सलाह देती है और पूछती नजर आ रही है अरे समझी क्या जरा? सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड बद्रीनाथ झा ने कहा कि गाना टिकिया एक नया कांसेप्ट है जिसके जरिए लड़कियों के बैचलर पार्टी में सखियों के संग होने वाली हंसी ठिठोली को मनोरंजक अंदाज में हम लेकर आए हैं। सारेगामा हम भोजपुरी हमेशा से नए और क्रिएटिव कंटेंट में बिलीव करती है जिसका असर भोजपुरी म्यूजिक वर्ल्ड में भी हाल के सालों में देखने को मिला है। आगे भी हम इस तरह के कंटेंट्स लेकर आते रहेंगे। फिलहाल इस गाने को दर्शकों का खूब प्यार और स्नेह मिल रहा है। गाना टिकिया में अक्षरा सिंह रैप करती हुई नजर आई हैं। अक्षर सिंह ने इस गाने को लेकर कहा कि टिकिया एक मस्ती भरा गाना है।

## शाहरूख देश के सबसे बड़े एक्शन हीरो : जॉन अब्राहम

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने शाहरूख खान को देश का सबसे बड़ा एक्शन हीरो बताया है। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है। फिल्म पठान 25 जनवरी को रिलीज हुयी है। पठान के जरिये शाहरूख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है। फिल्म पठान एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। फिल्म पठान में शाहरूख जबदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। जॉन ने शाहरूख को देश का सबसे बड़ा एक्शन हीरो बताया है। जॉन अब्राहम ने कहा कि आदित्य चोपड़ा की वजह से पठान इतनी बड़ी हिट हो पाई है। सबको लगता है कि मैं एक्शन हीरो हूं लेकिन आज मैं दावे से कह सकता हूं कि शाहरुख इस देश के सबसे बड़े एक्शन हीरो हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

**हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक दो फरवरी को**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक दो फरवरी को यहां सचिवालय में पूर्वाह्न 11 बजे होगी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राज्य विधानसभा का बजट सत्र आयोजित करने की तारीख निर्धारित करने सहित अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिये जा सकते हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**शिवराज ने मेजर सोमनाथ शर्मा की जयंती पर नमन किया**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा की जयंती पर उन्हें नमन किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान ने वर्ष 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपने शौर्य और पराक्रम से शत्रु सेना को धूल चटाने वाले प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया और कहा कि मातृभूमि की रक्षार्थ आपका सर्वोच्च बलिदान देशवासियों में सदैव राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करता रहेगा।

**मध्यप्रदेश में कोरोना के आंकड़े शून्य**

**भोपाल :** कोरोना से निजात पाने की दृष्टि से मध्यप्रदेश के पिछले 24 घंटे बेहद उम्मीद भरे बीते। गृह मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता डॉ नरोत्तम मिश्रा नेसंवाददाताओं को बताया कि पिछले 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना का कोई नया प्रकरण सामने नहीं आया। इस अवधि में संक्रमण को मात देने वाले लोगों की संख्या भी शून्य रही। प्रदेश में वर्तमान में कोरोना संक्रमण का कोई सक्रिय मामला मौजूद नहीं है। उन्होंने बताया कि कोरोना को लेकर राज्य सरकार हालांकि अब भी सजग है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस करेंगे शिवराज**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विभिन्न विषयों की समीक्षा के लिए कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान विभाग अनुसार विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करेंगे। ये कांफ्रेंस मंत्रालय में होगी। इस दौरान चौहान पेसा नियम 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करने के साथ मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना एवं मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। वे नगरीय क्षेत्रों में अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधोसंरचना विकास भवन निर्माण अनुज्ञा उपलब्ध कराने की कार्यवाही, जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन, सीएम राईज स्कूलों के संचालन, शिशु मृत्युदर, नवजात शिशु मृत्युदर, मातृ मृत्युदर को कम करने हेतु किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी करेंगे। कांफ्रेंस के दौरान आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के क्रियान्वयन, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं विभिन्न उपकरण प्रदाय संबंधी योजना में सैचुरेशन, संबल 2 योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा होगी।

**सर्द हवाओं से मध्यप्रदेश में ठंड बढ़ी**

**भोपाल :** पश्चिमी विक्षोभ के असर से मध्यप्रदेश में बादल छाए रहने तथा कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी के बाद चली सर्द हवाओं से ठंड में बढोत्तरी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से बादल छाए रहे तथा कहीं कहीं हल्की बारिश और राजस्थान की सीमा से लगे श्योपुर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि भी हुई। वहीं कल रात्रि से सर्द हवाएं भी चल रही है।

**समारोह** उभरती प्रौद्योगिकियों (आईसीईटी) पर दोनों देशों की पहल के उद्घाटन समारोह में

# अजीत डोभाल, उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा में हुए शामिल

▶▶ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर उपयोगी चर्चा हुई

▶▶ अवशोषण के लिए भारत की उल्लेखनीय क्षमता पर प्रकाश डाला



**एजेंसियां**

**वाशिंगटन :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन ने वैश्विक विकास और आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने तथा साझा राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा करने वाली प्रौद्योगिकियों पर साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों (आईसीईटी) पर दोनों देशों की पहल के उद्घाटन समारोह में मंगलवार को भाग लिया। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने ट्वीट किया, ''इंडिया हाउस में एक अनूठा और विशेष स्वागत। अजीत डोभाल, जेक सुलिवन, वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो, भारत और अमेरिका के सीईओ तथा प्रमुख विश्वविद्यालयों के नेतृत्व की मेजबानी करके प्रसन्नता हुई। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में द्विपक्षीय सहयोग के निर्माण पर व्यावहारिक बातचीत हुई।''यहां पहुंचे डोभाल ने अमेरिका के ज्वाइंट्स चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क मिले से भी मुलाकात की। वाशिंगटन में भारत के दूतावास ने ट्वीट किया कि बैठक के दौरान भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर उपयोगी चर्चा हुई। गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने वालों ने कांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के अवसरों पर चर्चा की। साथ ही इसमें अकादमिक और सरकारी अनुसंधान आदान-प्रदान को बढ़ाने तथा निजी क्षेत्र के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। डोभाल और राजदूत संधू ने प्रौद्योगिकी विकास और अवशोषण के लिए भारत की उल्लेखनीय क्षमता पर प्रकाश डाला। साथ ही, दोनों ने न केवल आर्थिक विकास के एक सक्षमकर्ता के रूप में बल्कि सामाजिक समावेश के एक साधन के रूप में प्रौद्योगिकी के भारत के उपयोग पर जोर दिया।सुलिवान ने कहा,''आईसीईटी प्रौद्योगिकी सहयोग से कहीं अधिक है, यह हमारे सामरिक अभिसरण और नीति संरेखण में तेजी लाने का एक मंच है।'' दोनों सरकारों के लिए आगे के काम पर प्रकाश डालते हुए श्री सुलिवन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत सरकारें 'फर्स्ट' की एक सूची स्थापित करना चाहती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे आईसीईटी भारत के साथ अमेरिका की रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी को गति देगा और दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाएगा। डोभाल के साथ एक प्रतिनिधिमंडल है जिनमें पांच प्रमुख व्यक्ति शामिल हैं- भारत के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, इसरो के अध्यक्ष, रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार, दूरसंचार विभाग के सचिव और डीआरडीओ के महानिदेशक।

# लोकोत्सव में साकार हो रही भारत की विविधता भरी संस्कृति



**एजेंसियां**

**उदयपुर :** गोवा के पणजी में आयोजित दस दिवसीय लोक कला महोत्सव 'लोकोत्सव 2023 में भारत की विविधता भरी संस्कृति का संगम है। पणजी स्थित दरीया संगम कला अकादमी संकुल में गोवा सरकार और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित इस कला महोत्सव 'लोकोत्सव का उद्घाटन राजस्थान के राज्यपाल कालराज मिश्र ने सोमवार को किया था। लोकोत्सव में भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति लघु रूप में साकार हो रही है। वहीं, 600 लोक कलाकार अपने-अपने राज्यों के लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियां इस आयोजन में देंगे। राजस्थानी लोक कलाकारों की मांगणियार लोक गायन, कालबेलिया, भवाई नृत्य, बहुरूपिया एवं कठपुतली की प्रस्तुतियां लोकोत्सव का विशेष आकर्षण है। गोवा के स्थानीय लोक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों के अलावा ओडिशा के कलाकारों की गोटीपुआ, असमिया कलाकारों के बिहू नृत्य, गुजरात के मेवासी नृत्य, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया छाऊ नृत्य, उत्तर प्रदेश के चरकुला, कर्नाटक के डोलू कुनिथा पारम्परिक नृत्य, महाराष्ट्र के लावणी, गुजरात के सिद्धि धमाल, हरियाणा के घूमर फाग, मणिपुर से आए कलाकारों के पुंग चोलम एवं ढोल चोलम नृत्य और थांग टा की प्रस्तुतियां इस महोत्सव में देखने को मिलेंगी।

# खराब मौसम के कारण खड़गे राष्ट्रपति के अभिभाषण में नहीं हुए शामिल



▶▶ श्रीनगर का मौसम बहुत खराब है और इससे उड़ानें प्रभावित हो रही हैं

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर गये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी के अन्य कई सांसद मौसम खराब होने के कारण मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान संसद के संयुक्त सत्र में शामिल नहीं हो सके। कांग्रेस ने बताया कि श्रीनगर का मौसम बहुत खराब है और इससे उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। श्रीनगर में बर्फबारी हुई है और वहां कई उड़ानें देरी से चल रही हैं जिसके कारण कांग्रेस नेता संसद की संयुक्त बैठक में शामिल नहीं हो सके। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने ट्वीट किया ''ख़राब मौसम के कारण श्रीनगर हवाईअड्डे से उड़ानों में देरी की वजह से राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे और कई कांग्रेस सांसद आज सुबह 11 बजे संसद के दोनों सदनों के सामने राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान उपस्थित नहीं हो पाए।''

# राहुल, प्रियंका ने कश्मीर के खीर भवानी मंदिर में मत्था टेका



**एजेंसियां**

**कश्मीर :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन एवं पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग संप्रदाय के विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थलों का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। कांग्रेस के दोनों प्रमुख नेताओं ने सबसे पहले मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में माता खीर भवानी मंदिर में मत्था टेका तथा पूजा-अर्चना की। बाद में भाई-बहन ने तुलमुल्ला मंदिर भी गये। दोनों के साथ जम्मू-कश्मीर कांग्रेस पार्टी के कई नेता भी थे। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पहले मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के तुलमुल्ला में खीर भवानी मंदिर और बाद में श्रीनगर में हजरतबल मजार पर गए जहां पैगंबर मोहम्मद का अवशेष है। उल्लेखनीय है कि गांधी ने गत सात सितंबर को 135 दिवसीय 'भारत जोड़ो यात्रा' कन्याकुमारी से पैदल शुरू की थी और सोमवार को आधिकारिक रूप से बर्फबारी के बीच यहां शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के बाद उनकी यात्रा समाप्त हुई।

# वामपंथी व छात्र नेता जोशीमठ की जनता को भड़का रहे हैं : भट्ट



**एजेंसियां**

**चमोली :** उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने आरोप लगाया कि वामपंथी और उनके संगठनों से जुड़े छात्र नेता दिल्ली व मुंबई से आकर जोशीमठ के लोगों को भड़का रहे हैं। भट्ट ने बुधवार को यहां कहा कि सरकार जोशीमठ आपदा प्रभावितों के विस्थापन के प्रति संवेदनशील है। यह पहली सरकार है जिसने नागरिकों के सुझावों के आधार पर विस्थापन का निर्णय किया है। जन प्रतिनिधियों की समिति के सुझाव पर सरकार निर्णय ले रही है। भाजपा नेता ने कहा कि वामपंथी संगठन और उनसे जुड़े छात्र संगठन जोशीमठ के लोगों को भड़का रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुये भट्ट ने कहा कि जोशीमठ का व्यवसाय और चार धाम यात्रा प्रभावित हो ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी क्षेत्र की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जोशीमठ की स्थिति का समाधान करने में कुछ लोग वयवधान उत्पन्न करना चाहते हैं। भट्ट ने कहा सामरिक दृष्टि से यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है। यहां के लोग राष्ट्र भक्त हैं। वामपंथी संगठन वहां के लोगों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों की राय पर सरकार जोशीमठ का बेहतर से बेहतर ट्रीटमेंट करेगी।

**कार्यक्रम** असम में होगा जी-20 आयोजन

# पहले सेट की मेजबानी की तैयारियां जोरों पर

▶▶ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों और भारत सरकार के अधिकारी भी के भाग लेंगे

▶▶ एजेंडे में योग सत्र और तीन एसएफडब्ल्यूजी सत्र शामिल हैं




**एजेंसियां**

**गुवाहाटी :** असम में देशभर सालभर चलने वाली जी-20 अध्यक्षता की कड़ी के रूप में पहली सस्टेनेबल फाइनेंशियल वर्किंग ग्रुप (एसएफडब्ल्यूजी) बैठक और यूथ-20 इंसेप्शन बैठक की मेजबानी की तैयारियां जोरों पर है। जी-20 की थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य वसुधैव कुटुम्बकम के साथ आयोजित हो रहा है। राज्य में दो फरवरी से शुरू होने वाली जी-20 बैठक, पूर्वोत्तर राज्य में आने वाले प्रतिनिधियों के साथ-साथ कार्यक्रमों के पहले सेट की मेजबानी की अंतिम चरण की तैयारियां जारों पर है। असम देश में साल भर चलने वाले जी-20 अध्यक्षता के मद्देनजर फरवरी में पहली सस्टेनेबल फाइनेंशियल वर्किंग ग्रुप (एसएफडब्ल्यूजी) और यूथ 20 इंसेप्शन बैठक की मेजबानी करेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राज्य में पहली एसएफडब्ल्यूजी की बैठक दो-तीन फरवरी को गुवाहाटी के एक होटल में आयोजित की जाएगी। दो दिवसीय बैठक में 94 प्रतिनिधी जी-20 के सदस्य देशों, अतिथि देशों, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय देशों, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों और भारत सरकार के अधिकारी भी के भाग लेंगे। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने ट्वीट किया, ''भारत की अविश्वसनीय विविधता, सुंदरता और गौरवशाली अतीत की भूमि में आपका स्वागत है। हमारी स्थानीय संस्कृति के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ गुवाहाटी हवाई अड्डे पर जी-20 प्रतिनिधियों का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया। आप असम प्रवास का आनंद लेंगे।'' एसएफडब्ल्यूजी बैठक के दौरान चार सत्र आयोजित किए जाएंगे, जबकि आने वाले प्रतिनिधियों को ब्रह्मपुत्र नदी पर एक क्रूज पर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी ले जाया जाएगा। पहले दिन के कार्यक्रम के एजेंडे में योग सत्र और तीन एसएफडब्ल्यूजी सत्र शामिल हैं। पहले दिन का कार्यक्रम रिवर क्रूज और रात्रि भोज पर संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समाप्त होगा। दूसरे दिन के कार्यक्रम में योग सत्र, तीन साइड इवेंट सत्र, चौथा एसएफडब्ल्यूजी सत्र भी शामिल होगा और ब्रह्मपुत्र हेरिटेज सेंटर में प्रतिनिधियों के लिए रात्रिभोज के साथ समापन होगा।

## न्यूज फटाफट

**पाकिस्तान : दोहरे ऑपरेशन में चार आतंकी ढेर**

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा के स्वाबी और डेरा इस्माइल खान जिलों में दो खुफिया-आधारित अभियानों में चार आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि एक अन्य ने आत्मसमर्पण कर दिया। स्वाबी जिला पुलिस अधिकारी नजमुल हसन के अनुसार कानून प्रवर्तन कर्मियों द्वारा छोटा लाहौर तहसील में उनके ठिकाने को घेरने के बाद दो आतंकवादियों ने खुद को उड़ा लिया और तीसरे ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण करने के लिए कहे जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों पर गोलियां चला दीं। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी के दौरान दो आतंकवादियों ने हथगोले से खुद को उड़ा लिया, जबकि तीसरे ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। माना जा रहा है कि मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस कांस्टेबल भी घायल हो गए जिन्हें नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

**अमेरिका ने चीनी कंपनी हुआवेई को निर्यात पर लगायी पाबंदी**

**वाशिंगटन :** अमेरिका ने अपनी कंपनियों को चीन की दूरसंचार कंपनी हुआवेई को निर्यात करने के लिए लाइसेंस जारी करना बंद कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन चीनी दूरसंचार कंपनी को अमेरिकी प्रौद्योगिकी की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बहुत करीब पहुंच गया है। द फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। हुआवेई पर प्रतिबंध पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कार्यकाल के दौरान शुरू हुआ था। चीनी फर्मों पर तब कार्रवाई की रणनीति के हिस्से के रूप में शिपमेंट केवल सरकार की अनुमति के साथ ही संभव था, उसे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना गया था। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कई कंपनियों को अधिसूचित किया था कि वह हुआवेई को अमेरिकी प्रौद्योगिकी निर्यात करने के लिए लाइसेंस नहीं देगी। समाचार पत्र ने चर्चाओं में कुछ लोगों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी थी। हुआवेई एक दूरसंचार उपकरण निर्माता कंपनी है, जिसे अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे के रूप में देखता है। हुआवेई पर अभी भी इस मामले में आरोप लगे हैं, यह मामला अमेरिकी जिला अदालत में लंबित है। हुआवेई पर न्याय में बाधा डालना, अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों से व्यापार रहस्य चुराने की साजिश रचने और बैंक धोखाधड़ी करने जैसे आरोप लगे हैं। हुआवेई ने हालांकि अदालत में निर्दोष होने की गुहार लगायी है।

**लस्सा बुखार फैलने के उच्च जोखिम में नाइजीरिया**

**अबुजा :** नाइजीरिया के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि सबसे अधिक आबादी वाले अफ्रीकी देश में वायरल रक्तस्रावी बुखार के फैलने का बहुत अधिक जोखिम है। नाइजीरिया सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने एक बयान में कहा कि इसने हितधारकों और विशेषज्ञों द्वारा किए गए जोखिम मूल्यांकन के बाद देश में वर्तमान प्रतिक्रिया गतिविधियों को मजबूत और समन्वयित करने के लिए 20 जनवरी को लस्सा बुखार के लिए एक राष्ट्रीय बहुक्षेत्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र को स्तर पर सक्रिय कर दिया है। एनसीडीसी ने कहा कि जोखिम मूल्यांकन ने''पिछले वर्षों की तुलना में पुष्टि किए गए मामलों की संख्या में एक अभूतपूर्व वृद्धि की प्रवृत्ति की पहचान की पिछले वर्षों की तुलना में मामलों की रिपोर्ट करने वाले राज्यों की संख्या में वृद्धि हुई और लस्सा बुखार संक्रमण के कारण स्वास्थ्य कर्मियों के संक्रमण और मृत्यु के जोखिम में वृद्धि हुई। एनसीडीसी ने कहा कि 22 जनवरी तक नाइजीरिया में लस्सा बुखार के 244 नए पुष्ट मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें कुल 37 मौतें हुई और मृत्यु दर 15.1 प्रतिशत थी।

**बाइडेन ने यूक्रेन को लड़ाकू विमान देने से किया इनकार**

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान भेजने की मंजूरी नहीं देंगे। इस तरह के फैसले की संभावना के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में बाइडेन ने कहा, नहीं। जैसे ही उन्होंने यह बात कही, बाइडेन बाल्टीमोर, मैरीलैंड की यात्रा से वापस व्हाइट हाउस आ गए। उन्होंने ने यह भी कहा कि वह पोलैंड जाने की योजना बना रहे हैं लेकिन अभी यह नहीं पता कि कब। राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब इस बात पर बहस तेज हो गई है कि यूक्रेन को, जो लगभग एक साल से रूस के साथ संघर्ष कर रहा है, पश्चिमी देशों के लड़ाकू विमानों से लैस किया जाए या नहीं। यूक्रेन को एफ-16 की संभावित आपूर्ति पर प्रशासन के फैसले के बारे में पूछे जाने पर, अमेरिकी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन फाइनर ने पिछले गुरुवार को एमएसएनबीसी पर एक उपस्थिति के दौरान कहा कि हमने किसी विशिष्ट सिस्टम में या बाहर से इंकार नहीं किया है। उन्होंने कहा,हमने लड़ाई के उस चरण के लिए अपनी सहायता देने की कोशिश की है, जिसमें यूक्रेनियन हैं। मेरे पास एक या दूसरे तरीके से घोषणा करने की कोई घोषणा नहीं है। हालांकि कीव में अधिकारियों से लगातार अनुरोध, लड़ाकू विमानों को लंबे समय से यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता के मामले में एक वर्जित के रूप में पश्चिम द्वारा माना जाता है, इस डर से कि इस तरह की डिलीवरी से संघर्ष में अनियंत्रित वृद्धि होगी। यूक्रेनी विदेश मंत्री द्मित्रो कुलेबा ने पिछले बुधवार को ट्विटर पर कहा कि पश्चिमी प्रकार के लड़ाकू विमानों के प्रावधान को सुरक्षित करना यूक्रेन के लिए आगे के नए कार्यों में से एक है। उसी दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी ने यूक्रेन को लड़ाकू टैंक भेजने के अपने-अपने निर्णयों की घोषणा की। लड़ाकू विमानों के लिए यूक्रेन की याचिका जर्मनी के इनकार के साथ मिली, जिसके चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने हाल ही में कहा था कि लड़ाकू विमान यूक्रेन के लिए बर्लिन की हथियारों की सूची में शामिल नहीं है।

## आज का इतिहास

- 1786 : लॉर्ड कार्नवालिस भारत के गवर्नर जनरल बने।
- 1790 : न्यूयार्क शहर में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ऑफ द यूनाइटेड स्टेट्स का आयोजन किया गया।
- 1793 : फ्रांस ने यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड पर युद्ध की घोषणा की।
- 1814 : फिलीपींस में ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत हुई।
- 1827 : कलकत्ता बंगाल क्लब की स्थापना हुई।

**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

राजसात अपील वाद संख्या- 121/2022
नोटिस बनाम
निरंजन यादव, पिता-रामेश्वर यादव,
ग्राम- लेजांग, थाना-बालूमाथ, जिला-लातेहार।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में विचाराधीन हाईवा पंजीयन संख्या-JH19A-2123 की राजसात की कार्रवाई में आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतएव अंतिम रूप से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.02.2023 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर यह माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है तथा अभिलेख में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 288791 (District)22-23*D

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2 | रांची बुधवार | 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
01:02:2023


## राजधानी रांची के पटेल चौक के नजदीक मिला शव

रांचीः राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित पटेल चौक के नजदीक एक शव मिला है। शव की पहचान नहीं हो पायी है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद चुटिया थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

राजनीति

### आम बजट से सीएम को नहीं है कोई उम्मीद, कहा

# बोला तो बहुत जाता है लेकिन होता कुछ और है, आता कुछ और है

राष्ट्रीय खबर

**रांची/जमशेदपुरः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही संसद के बजट सत्र 2023 की शुरूआत हो चुकी है। उनके अभिभाषण में सरकार के फ्यूचर प्लान की झलक दिख चुकी है। दूसरी तरफ दोनों सदनों में पेश आर्थिक सर्वे के मुताबिक साल 2022-23 में विकास दर 7 फीसदी रहने का अनुमान है। अब देश के बजट की बारी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार यानी 1 फरवरी को आम बजट पेश करेंगी।

बजट का प्रभाव हर आम और खास पर पड़ता है। इसके जरिए देश का आर्थिक विकास सुनिश्चित होता है। लेकिन बजट पेश होने से पहले ही राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है।झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आने वाले बजट की तुलना कथनी और करनी से की है। जमशेदपुर में उन्होंने कहा कि बहुत बोला जाता है, होता कुछ और है। आता कुछ और है। उन्होंने कहा कि क्या किसी को मालूम था कि एयरपोर्ट बिकेंगे। क्या किसी को मालूम था कि देश के पोर्ट बिक जाएंगे।



क्या किसी को मालूम था कि जीएसटी की अवधि नहीं बढ़ेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या किसी को मालूम था कि महंगाई इतनी बढ़ जाएगी। दूसरी तरफ राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में मेट्रो नेटवर्क, ग्रीन ग्रोथ, रेलवे का आधुनिकीकरण, किसानों पर फोकस, गरीब परिवारों को साफ पेयजल, डिजिटल इंडिया से पारदर्शिता पर जोर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार देश के विकास के लिए जिस स्पीड और स्केल पर काम कर रही है, वह अभूतपूर्व और अतुलनीय है।आम बजट पर गैर एनडीए दलों की तरफ से शुरू हो चुके कटाक्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बजट सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष में तकरार होगी। साथ ही उन्होंने उम्मीद जतायी है कि विपक्षी सदस्य तैयारी के साथ तकरीर भी करेंगे। अब देखना है कि बुधवार को बजट पेश होने के बाद झारखंड के गैर भाजपाई दल क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

### कोर्ट ने राज्य जाति छानबीन समिति के आदेश को किया रद्द

# कांके विधायक समरीलाल को झारखंड हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल याचिका स्वीकार करते हुए उनके पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया है साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार दोबारा कमेटी बनाकर नियमानुसार समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच करा सकती है। इससे पूर्व दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने 10 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद



एवं अधिवक्ता आशीष ठाकुर ने पैरवी की।समरी लाल के मामले में कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि राज्य सरकार विजिलेंस सेल गठित करेगी, जो समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच करेगी। अगर विजिलेंस सेल की रिपोर्ट में यह बात आती है कि उन्हें जो जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया वह सही है तो केस को ड्रॉप कर दिया जाएगा और समरी लाल को नोटिस भी जारी नहीं की जाएगी।इससे पूर्व सुनवाई के दौरान समरी लाल की ओर से कहा गया था कि कोर्ट के समक्ष जो दस्तावेज प्रस्तुत किया गया उसके अनुसार समरी लाल झारखंड के स्थाई निवासी हैं, समरी लाल के दादा 1928 से झारखंड आए थे। सर्किल इंस्पेक्टर और डीसी की रिपोर्ट में भी इसे बताया गया है कि समरी लाल के वंशज सहित समरी लाल के जाति के सदस्य अंग्रेजो के द्वारा आजादी के पूर्व सेनेटरी वर्क (साफ- सफाई) के लिए राजस्थान से यहां लाए गए थे। प्रार्थी समरी लाल की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा एवं कुमार हर्ष ने पैरवी की थी। दूसरी ओर मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि समरी लाल के 1950 के पहले झारखंड में रहने का कोई दस्तावेज और अभिलेख नहीं है।

# रांची नगर निगम खुद फॉलो नहीं करते, पब्लिक पर थोप रहे नियम



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कांके में बने आधे-अधूरे अर्बन हाट का निर्माण फिर से शुरू होगा। रांची नगर निगम ने इसके लिए टेंडर निकाल दिया है। 7 फरवरी को टेंडर भरने की अंतिम तारीख है। इसके बाद 15 फरवरी तक काम कराने वाली एजेंसी का चयन भी कर लिया जायेगा। 10.68 करोड़ का यह प्रोजेक्ट है। जिस कंपनी को काम दिया जायेगा उसे डेढ़ साल में इसे पूरा करने का डेडलाइन दिया जायेगा। अप्रैल 2022 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अर्बन हाट की समीक्षा की थी और अधूरे पड़े निर्माण को रिकंस्ट्रक्शन कर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी नगर निगम को इसका टेंडर निकालने में 8 महीना लग गया।2016 में रघुवर सरकार के समय अर्बन हाट के निर्माण की योजना बनी थी। 2017 में निर्माण शुरू हुआ। पांच करोड़ रुपये खर्च भी कर दिये गये, लेकिन इसी बीच रघुवर दास के दिमाग में नया आइडिया आ गया और 17 करोड़ की एस्टीमेट वाली अर्बन हाट प्रोजेक्ट में 5 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद काम रोक दिया गया। अर्बन हाट को स्किल डेवलपमेंट सेंट बनाने की योजना बनी। डीपीआर भी बना, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। 5 करोड़ खर्च होने के बाद भी न तो अर्बन हाट बना और न स्किल डेवलमेंट सेंटर।अर्बन हाट का काम बंद हुए 5 साल से ज्यादा हो चुके हैं। देखरेख के अभाव में यह खंडहर होता जा रहा है। पाइप और नल पूरी तरह से टूट चुके हैं। कुछ लोगों ने यहां अतिक्रमण करना भी शुरू कर दिया है। कई सामान भी चोरी कर लिए गये हैं। खाली जगह पाकर नशेड़ियों और आपराधिक तत्वों ने इसे अड्डा बना लिया है। स्थानीय लोगों को रोजगार देने और छोटे-मंझोले व्यापारियों को एक बड़ा बाजार देने के उद्देश्य से अर्बन हाट की नींव रखी गई थी। अब 5 साल बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से स्थानीय व्यवसायियों की उम्मीद फिर से जगी है।

### 7 फरवरी तक टेंडर आमंत्रित

रांचीः कांके में बने आधे-अधूरे अर्बन हाट का निर्माण फिर से शुरू होगा। रांची नगर निगम ने इसके लिए टेंडर निकाल दिया है। 7 फरवरी को टेंडर भरने की अंतिम तारीख है। इसके बाद 15 फरवरी तक काम कराने वाली एजेंसी का चयन भी कर लिया जायेगा। 10 l68 करोड़ का यह प्रोजेक्ट है। जिस कंपनी को काम दिया जायेगा उसे डेढ़ साल में इसे पूरा करने का डेडलाइन दिया जायेगा। अप्रैल 2022 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अर्बन हाट की समीक्षा की थी और अधूरे पड़े निर्माण को रिकंस्ट्रक्शन कर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी नगर निगम को इसका टेंडर निकालने में 8 महीना लग गया।2016 में रघुवर सरकार के समय अर्बन हाट के निर्माण की योजना बनी थी। 2017 में निर्माण शुरू हुआ। पांच करोड़ रुपये खर्च भी कर दिये गये, लेकिन इसी बीच रघुवर दास के दिमाग में नया आइडिया आ गया और 17 करोड़ की एस्टीमेट वाली अर्बन हाट प्रोजेक्ट में 5 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद काम रोक दिया गया।

# झारखंड पुलिस का स्पेशल ब्रांच 15 माह व सीआईडी का शीर्ष पद छह माह से नेतृत्वविहीन

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड पुलिस में शीर्ष स्तर पर अधिकारियों के पद खाली हैं। वर्तमान में हालात यह है कि झारखंड पुलिस के जिस विभाग के पास बड़ी जिम्मेवारी है,वहां ही शीर्ष पद खाली पड़े हुए हैं। झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच एडीजी का पद 15 महीने और सीआईडी एडीजी का पद छह महीने से खाली चल रहा है। लंबा समय बीत जाने के बाद भी इन दोनों विभाग के शीर्ष पदों पर एडीजी रैंक के अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पायी है। इन पद पर शीर्ष स्तर के अधिकारी की तैनाती नहीं होने से विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। सीआईडी में जहां आईजी रैंक के अधिकारी को हेड बनाकर काम लिया जा रहा है। वहीं स्पेशल ब्रांच के शीर्ष पद के लिए दूसरे अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही एडीजी रैंक में स्पेशल ब्रांच में किसी की तैनाती नहीं हुई है। स्पेशल इंटेलीजेंस ब्यूरो और एससीआरबी जैसे विभागों का हाल तो और बुरा है। इन विभागों




में नियमित तौर पर किसी को प्रभार नहीं दिया गया है।जिस विभाग के पास राज्यभर की खुफिया सूचना जुटाने की जिम्मेवारी है। वो विभाग वर्तमान में नेतृत्वविहीन है। झारखंड पुलिस की आंख और कान मानी जानेवाली स्पेशल ब्रांच ( विशेष शाखा) के एडीजी का पद पिछले 15 महीने से खाली चल रहा है। पिछले 20 अक्टूबर 2021 को एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित मुरारी लाल मीणा का तबादला कर दिया गया था। तब से स्पेशल ब्रांच एडीजी का पद खाली चल रहा है। झारखंड पुलिस के जिस विभाग के पास अपराध की अनुसंधान की जिम्मेदारी है, वो पद पिछले छह महीने से नेतृत्व विहीन चल रहा है।झारखंड पुलिस में कई आईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों का पद खाली है। बोकारो और संताल परगना जैसे महत्त्वपूर्ण रेंज में कोई आईजी तैनात नहीं है। वहीं पलामू डीआईजी का पद भी राजकुमार लकड़ा की प्रोन्नति के बाद खाली है। रांची में भी दो-दो एसपी का पद खाली है। इसमें सिटी एसपी और ट्रैफिक एसपी का पद खाली है। वहीं धनबाद में भी सिटी एसपी का पद लंबे समय से खाली पड़ा हुआ है। आईआरबी की अधिकांश बटालियन भी प्रभार पर है।

### साइबर क्रिमिनल्स में डॉक्टर दंपति को बनाया निशाना

रांचीः साइबर अपराधी हर दिन किसी न किसी को अपना निशाना जरूर बनाते हैं, चाहे छोटी ठगी हो या फिर बड़ी। साइबर अपराधी हर दिन इसी ताक में रहते हैं कि किसी न किसी को अपने जाल में फंसा कर उनकी गाढ़ी कमाई उड़ा ली जाए। ताजा मामला रांची के हिंदपीढ़ी में रहने वाले एक डॉक्टर दंपति का है, डॉक्टर दंपति से घर किराए के नाम पर साइबर अपराधियों ने डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली। रांची के हिंदपीढ़ी के मल्लाह टोली के रहने वाले डॉ खुशीर्दा आलम और उनके पति डॉ मोजिब आलम से साइबर ठगों ने किराए का मकान लेने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली। डॉक्टर दंपति खूंटी के सरकारी अस्पताल में कार्यरत हैं। मामले को लेकर डॉक्टर खुशीर्दा ने रांची के हिंदपीढ़ी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। खुशीर्दा ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने एक साइट पर मकान किराए पर लगाने के लिए घर का फोटो और मोबाइल नंबर डाला था। 20 जनवरी को एक व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर फोन किया, उसने खुद को आर्मी का अधिकारी बताया। इसके बाद उसने उनके पति से बात की और मकान किराए पर लेने की इच्छा जतायी।

### मौसम में लगातार हो रहा है बदलाव

रांचीः राजधनी के मौसम मे लगातर बदलाव हो रहा है जिस कारण बच्चों और बुर्जगों को भी सेहत से सबंधीत काफी परेशनी हो रही है। मामले मे चिकित्सकों को कहना है कि लोगों को सचेत रहने की जरूरत है। खस कार बच्चों और बुर्जुर्गों को।

# तिसरी के अंचल अधिकारी असीम बाड़ा निलंबित

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य सरकार ने तिसरी, गिरीडीह के अंचल अधिकारी असीम बाड़ा को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी है। सीएम ने 18 जनवरी 2023 को ही जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की थी जिसमें रेवेन्यू कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम की समीक्षा में तिसरी कार्यालय में लंबित मामले 13 (दाखिल-खारिज मामलों को छोड़कर) एवं निष्पादित मामले की संख्या शून्य थी।

# 5 महीनों से ग्रीन राशन कार्डधारकों को नहीं मिल रहा अनाज

रांचीः 5 महीनों से ग्रीन कार्डधारकों को राशन नसीब नहीं हो रहा है। ऐसे में जरूरतमंद परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति खड़ी होने को है। हालांकि राज्य सरकार के मुताबिक संकट केवल दिसंबर माह (2022) से है। जनवरी का अनाज भी नहीं बंटा है। भोजन का अधिकार अभियान से जुड़े सदस्य सरकारी दावों पर सवाल उठाते कह रहे हैं कि समस्या अगस्त, सितंबर माह 2022 से ही बनी हुई है। सरकार के स्तर से अगर कहीं अनाज वितरण हुआ भी हो तो वास्तविक रूप से हर कार्डधारक के पास राशन नहीं पहुंचा है। वैसे सरकार ने फरवरी माह (2023) में हरा राशन कार्डधारकों को राशन मुहैया कराने का भरोसा दिलाया है।करीब 17 लाख कार्डधारी ऐसे हैं जिनके पास हरा राशन कार्ड है।

खाद्य आपूर्ति विभाग, झारखंड के मुताबिक (आहार पोर्टल) दिसंबर 2022 में एक भी हरा राशन कार्डधारक को अनाज नहीं मिल सका है। इसके पिछले महीने नवंबर में 14.16 फीसदी कार्डधारकों को ही लाभ (प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल) मिल सका। कोडरमा जिले में तो 1.59



फीसदी, देवघर में 2.65 फीसदी, गोड्डा में 3.22 फीसदी कार्डधारकों को ही अनाज मिल सका। इसके अलावा लोहरदगा में 31.43 फीसदी, धनबाद में 29.67 फीसदी और लातेहार जैसे जिलों में 27.61 फीसदी कार्डधारकों को लाभ मिल पाया। अक्टूबर माह में 22.45 कार्डधारी लाभान्वित हो पाए थे।

सितंबर में 35.82 जबकि अगस्त में 62.54 फीसदी और जुलाई में 79.96 फीसदी (राज्यभर में) कार्डधारकों को लाभ मिल पाया था। इस आधार पर कहें तो जुलाई से नवंबर के बीच हरे राशन कार्डधारियों के बीच अनाज वितरण के काम में विभाग लगातार कमजोर पड़ता गया है। 80 फीसदी कार्डधारकों को लाभ मुहैया कराने वाला विभाग कई कारणों से 15 फीसदी कार्डधारकों के पास नहीं पहुंच पाया।गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से जनवरी 2021 में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना लागू की गयी थी। इसके आधार पर 15 लाख से अधिक गरीबों को हरा राशन कार्ड जारी किया गया। इसके आधार पर प्रति व्यक्ति के हिसाब से एक रुपये प्रति किलो के हिसाब से 5 किलो चावल दिया जाता है। पर सरकार के स्तर से चावल की खरीद प्रक्रिया उलझे रहने के कारण कार्डधारी राशन दुकानों का चक्कर लगाने को विवश हैं।भोजन का अधिकार (आरटीएफ) से जुड़ी टीम के अशर्फी नंद प्रसाद कहते हैं कि खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पास हरा राशन कार्डधारकों को राशन नहीं मिलने की सूचना विभिन्न स्तरों पर दी जा चुकी है। पर वाजिब एक्शन अब तक नहीं है।





**आर्यन हॉस्पिटल ए मल्टी सुपर फैसिलिटि हॉस्पिटल**
रांची पटना रोड, झुमरी तिलैया, कोडरमा, झारखण्ड
यहां सभी तरह की आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है
कोडरमा जिलेवासियों और सभी प्रबुद्ध लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ प्रवीण कुमार**
आर्यन हॉस्पिटल
झुमरी तिलैया,
कोडरमा झारखंड



